जनमानस के सर्वांगीण विकास हेतु कृतसंकल्पित हिन्दी दैनिक

# अमर चेतना

वर्ष- 09, अंक- 273 | प्रातः संस्करण | फतेहपुर, शनिवार, 20 मई, 2023 | E-Mail:- amarchetnaftp@gmail.com | पृष्ठ-6, मूल्य- 3.00 रुपया

## आत्मनिर्भर भारत की तर्ज पर नगर निगमों को भी बनाएं आत्मनिर्भर : मुख्यमंत्री योगी

### सीएम ने सभी विजयी मेयरों को दी बधाई और बेहतर काम करने के लिए दिए महत्वपूर्ण सुझाव



**लखनऊ, (संवाददाता)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को हाल ही में संपन्न हुए उत्तर प्रदेश नगरीय निकाय चुनावों में नव निर्वाचित नगर निगम मेयरों से अपने सरकारी आवास पर मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सीएम योगी ने सभी मेयरों को विजय पर बधाई और शुभकामनाएं देने के साथ ही पीएम मोदी के विजन यानी आत्मनिर्भर भारत की तर्ज पर अपने-अपने नगर निगमों को भी आत्मनिर्भर बनाने का निर्देश दिया। सीएम योगी ने नगर निगमों की आय बढ़ाने से लेकर क्षेत्रीय समस्याओं के निस्तारण के साथ ही जनप्रतिनिधियों के समर्थन के साथ सभी मेयरों को नगर निगमों की एक सकारात्मक छवि प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। नगर निगमों में चुनाव जीतकर आए भाजपा के 6 मेयर शुक्रवार को सीएम योगी से मुलाकात करने उनके सरकारी आवास पहुंचे। इस अवसर पर सीएम योगी ने सभी मेयरों को आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने कुछ अछा और कुछ नया करने का सुझाव दिया। सीएम ने क्षेत्रीय समस्याओं के निस्तारण के प्रति सक्रिय और सजग रहने को भी कहा। उन्होंने मेयरों को अंडरग्राउंड केबलिंग के कार्य को प्राथमिकता पर रखने के साथ ही कूड़ा प्रबंधन में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट को भी तरजीह देने को कहा। इसके अलावा नगरीय इलाकों में आवारा कुत्तों की समस्याओं के निराकरण को भी प्राथमिकता पर रखने के निर्देश दिए। मुलाकात में सीएम योगी ने नगर निगमों की आय को बढ़ाते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की चर्चा को प्रमुखता से रखा। उन्होंने नगर निगम के टैक्सेशन में सुधार समेत आय के अन्य साधनों पर जोर देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टैक्सेशन के लिए आम नागरिकों को सुविधाएं प्रदान की जाएं, ताकि वो सरलता से अपने टैक्स जमा कर सकें।

#### कॉमन समस्याओं के निदान पर भी दिए निर्देश

इसके अलावा सीएम ने ऐसी समस्याओं के निदान पर भी जोर दिया, जो सभी नगर निगमों में कॉमन हैं। इनमें सड़क पर जलभराव की स्थिति को सुधारने, नाला सफाई और स्वच्छता समेत अन्य अहम समस्याएं शामिल रहीं। अवैध टैक्सी स्टैंड को लेकर भी सीएम ने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में अवैध टैक्सी स्टैंड को चिन्हित कर उन्हें हटाने की कार्यवाही की जाएं। इन अवैध टैक्सी स्टैंड के अल्टरनेटिव पर भी काम किया जाए, ताकि आम लोगों को किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। सभी बड़े चौराहों पर इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लगाने के निर्देश दिए गए थे।

### आरबीआई का बड़ा फैसला

## रिजर्व बैंक दो हजार रुपये के नोट वापस लेगा 30 सितंबर 2023 तक बैंक से बदलवा सकेंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आरबीआई ने 2000 रुपये के नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की है। भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को सलाह दी है कि वे तत्काल प्रभाव से 2000 रुपये मूल्यवर्ग के बैंकनोट जारी करना बंद करें। हालांकि 2000 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। जानकारी के मुताबिक, क्लीन नोट पॉलिसी के तहत आरबीआई ने यह फैसला लिया है। आरबीआई ने कहा है कि यह नोट 30 सितंबर तक कानूनी रूप से वैध रहेंगे। आरबीआई ने नवंबर 2016 में आरबीआई एक्ट 1934 की धारा 24(1) के तहत ये नोट निकाले थे। रिजर्व बैंक ने नोटबंदी के बाद इन नोटों को जारी किया था। यह फैसला इसलिए लिया गया था ताकि उस समय 500 और 1000 रुपये के जो नोट चलन से हटाए गए थे, उनका बाजार और अर्थव्यवस्था पर असर कम किया जा सके। जब दूसरे मूल्य के बैंक नोट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो गए, तब दो हजार रुपये को चलन में लाने का उद्देश्य पूरा हो गया। लोग दो हजार रुपये के नोट बैंक खातों में जमा करा सकेंगे या फिर उन्हें अन्य मूल्य के नोटों के साथ किसी भी बैंक शाखा में जाकर एक्सचेंज करा सकेंगे। लोगों को यह ध्यान रखना होगा कि एक बार में अधिकतम 20 हजार रुपये मूल्य के नोट बदलवाए जाए सकेंगे। यह प्रक्रिया 23 मई से शुरू होगी और 30 सितंबर 2023 को खत्म होगी।

## अदाणी मामले में अभी तक नहीं मिली कोई नियामकीय गड़बड़ी

### विशेषज्ञ समिति ने सुप्रीम कोर्ट को बताया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अदाणी-हिंडनबर्ग मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि वर्तमान में सेबी की ओर से मिले आंकड़ों और स्पष्टीकरणों को ध्यान में रखते हुए प्रथम दृष्टया निष्कर्ष निकालना संभव नहीं है कि मूल्यों में हेरफेर या किसी तरह की नियामकीय विफलता हुई है। विशेषज्ञ कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार, अभी तक ऐसा कुछ नहीं मिला है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि अदाणी ग्रुप ने शेयरों के मूल्यों में कोई गड़बड़ी नहीं की थी। आर्टिफिशियल ट्रेडिंग या एक ही पार्टी द्वारा बार-बार ट्रेडिंग के भी सबूत नहीं मिले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अभी तक की जांच में मिनिमम पब्लिक शेयर होल्डिंग का उल्लंघन भी नहीं मिला है। विशेषज्ञ समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सेबी ने 13 विशिष्ट लेनदेन की पहचान की है, जिसकी उसके द्वारा जांच की जा रही है कि क्या वह कानूनी तौर पर मान्य लेनदेन थे या फिर उनमें कोई गड़बड़ी थी। ऐसे में समिति इन लेनदेन पर अभी कोई टिप्पणी नहीं कर सकती। बता दें कि 6 जजों वाली सुप्रीम कोर्ट की इस विशेषज्ञ समिति की अध्यक्षता पूर्व जज एएम सप्रे कर रहे हैं। समिति ने सेबी को तय समय सीमा में जांच पूरी करने के निर्देश दिए हैं। सेबी ने जांच पूरी करने के लिए छह महीने का अतिरिक्त समय मांगा था लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने 14 अगस्त तक अपनी जांच पूरी करने का निर्देश दिया है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय सिक्योरिटी मार्केट में डिस्क्लोजर आधारित काम होता है और डिस्क्लोजर कैपिटल जारी करने या लिस्टिंग के लिए जरूरी बनाए गए हैं। समिति ने कहा कि यह देखने की जरूरत है कि क्या डिस्क्लोजर में निवेशकों के सामने इतनी सारी जानकारी पहुंच जाती है, जिसके चलते बेहद आवश्यक जानकारी पर निवेशकों की नजर ही नहीं पड़ पाती। वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने हिंडेनबर्ग रिपोर्ट के आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी गठित की थी।

## भविष्य की चुनौतियों का आंकलन कर समस्याओं का समाधान जरुरी : शाह

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भविष्य की चुनौतियों का आंकलन कर उनका समयपूर्व समाधान निकालने के हरसंभव प्रयास किए जाने चाहिए। श्री शाह ने शुक्रवार को यहां गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के दूसरे %चिंतन शिविर% की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। %चिंतन शिविर% का उद्देश्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संवाद और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विजन 2047' के कार्यान्वयन के लिए कार्य योजना तैयार करना था। गृह मंत्री ने 'काउंटर टेररिज्म एंड रेडिकलाइजेशन,' आंतरिक सुरक्षा, साइबर और सूचना सुरक्षा, नारकोटिक्स, आपदा प्रबंधन, आदि विषयों पर मंत्रालय के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की समापन संबोधन में गृह मंत्री ने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में दुनियाभर में भारत का स्थान बहुत तेज़ी से बढ़ रहा है।

## हेड अपर महानिदेशक अभियोजन की नियुक्ति अवैध करार

### कोर्ट ने कहा, दंप्रसं की धारा 25ए के उपबंधों का नहीं किया गया था पालन



**प्रयागराज, (संवाददाता)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के अभियोजन निदेशालय के हेड के तौर पर आईपीएस अधिकारी आशुतोष पांडेय की नियुक्ति को कानून के विपरीत व अवैध करार दिया है। आशुतोष पाण्डेय एडीजी अभियोजन के पद पर कार्यरत थे। कोर्ट ने कहा है कि उनकी अभियोजन विभाग के मुखिया के रूप में की गई नियुक्ति सीआरपीसी की दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 25 ए (2) के विरुद्ध है। इसी के साथ कोर्ट ने राज्य सरकार के अभियोजन निदेशालय को निदेशक की छह माह में नये सिरे से नियुक्ति करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा विपक्षी निदेशक अभियोजन पद पर नियुक्ति की निर्धारित योग्यता नहीं रखते। वे इस पद पर बने रहने लायक नहीं है। यह आदेश न्यायमूर्ति एस पी केशरवानी तथा न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी की खंडपीठ ने किशन कुमार पाठक की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। न्यायमूर्ति बनर्जी ने न्यायमूर्ति केशरवानी के फैसले पर सहमत होते हुए अपने अलग फैसले में कानूनी उपबंधो की चर्चा की है। कोर्ट ने याचिका की पोषणीयता पर राज्य सरकार के अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल की प्रारंभिक आपत्ति अस्वीकार कर निरस्त कर दी। अपर महाधिवक्ता का कहना था कि धारा 25 ए उत्तर प्रदेश में लागू नहीं है। इसका पालन बाध्यकारी नहीं है। संसद द्वारा पारित कानून को राज्य विधायिका ने इसे स्वीकृति नहीं दी है। धारा 25 ए के तहत महानिदेशक सहित अन्य पदों पर नियुक्ति योग्यता दस वर्ष की वकालत का अनुभव होना चाहिए। तथा नियुक्ति में मुख्य न्यायाधीश की सहमति होनी चाहिए। याची के वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि अपर महानिदेशक अभियोजन की नियुक्ति में धारा 25 ए का पालन नहीं किया गया। इसलिए यह नियुक्ति अवैध है। बिना विधिक प्राधिकार के विपक्षी पद पर कार्यरत हैं। उन्हें हटाया जाय। कोर्ट ने कहा राज्य सरकार ने 14वें विधि आयोग की संस्तुति पर 27 नवम्बर 1980 को प्रदेश में अभियोजन निदेशालय की स्थापना की। संसद ने धारा 25ए पारित किया। राज्य सरकार ने इसमें संशोधन की कोशिश की किंतु महाधिवक्ता की राय नहीं मिली, कोई निर्णय नहीं लिया गया। इसलिए केंद्र सरकार द्वारा पारित कानून राज्य पर बाध्यकारी होगा। धारा 25ए दंड प्रक्रिया संहिता में निर्विवाद रूप से जोड़ा गया है। प्रदेश में इस धारा में संशोधन नहीं किया गया। राज्य सरकार ने साधना शर्मा केस में सुप्रीम कोर्ट को लागू करने का आश्वासन भी दिया था। राज्य सरकार कानून व फैसले का सम्मान नहीं कर रही। कोर्ट ने कहा कि सरकार का यह कहना कि धारा 25ए प्रदेश में लागू नहीं है, निराधार है। कोई आफिस मेमोरंडम है तो उस पर कानून प्रभावी होगा। धारा 25 ए, 23 जून 2006 से लागू है।

## स्वामी प्रसाद मौर्य को हाईकोर्ट से राहत

### धार्मिक भावनाओं को आहत करने के क्रिमिनल केस को हाईकोर्ट ने किया रद्द



**लखनऊ, (संवाददाता)।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने स्वामी प्रसाद मौर्य को बड़ी राहत दी है। दरअसल स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफधार्मिक भावनाओं को आहत करने का क्रिमिनल केस 2014 में दर्ज कराया गया था। जिसको अब इलाहाबाद हाईकोर्ट के लखनऊ बेंच की तरफसे रद्द कर दिया गया है। 2014 में स्वामी प्रसाद मौर्य बसपा में थे। उस समय कपुरीं ठाकुर भागीदारी सम्मेलन में उन्होंने कहा था कि शादियों में गौरी-गणेश की पूजा नहीं करनी चाहिए। यह दलितों और पिछड़ों को गुमराह करके उनको गुलाम बनाने की साजिश है। इसके बाद स्वामी प्रसाद मौर्य पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का मुकदमा दर्ज हुआ था। ये बयान अखबार में छपने के बाद सुलतानपुर के सीजेएम कोर्ट के आदेश पर आईपीसी 295। के तहत मुकदमा दर्ज किया था। स्वामी प्रसाद मौर्य के विरुद्ध आरोप तय करके सम्मन किया गया था। स्वामी प्रसाद मौर्य ने हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में इस फैसले को चौलेंज किया था। कहा था कि अखबार में छपे हुए बयान को बुनियाद नहीं बनाया जा सकता है। उनका यह बयान लखनऊ का बताया गया था तो सुल्तानपुर में क्यों मुकदमा दर्ज किया गया है? कोर्ट ने इस स्टेटमेंट को स्वीकार किया है।

## आतंकवाद के मुद्दे पर मोदी ने पाकिस्तान को घेरा

चीन के साथ तनाव पर कही यह बात

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत पाकिस्तान के साथ एक सामान्य और पड़ोसी संबंध चाहता है, हालांकि यह पाकिस्तान पर है कि वह आतंकवाद और शत्रुता से मुक्त एक अनुकूल वातावरण तैयार करे। पीएम मोदी ने अपनी जापान यात्रा से पहले जापानी अखबार निक्केई एशिया से बात करते हुए कहा कि नई दिल्ली पाकिस्तान के साथ सामान्य और पड़ोसी संबंध चाहती है।

पीएम मोदी ने कहा, हालांकि, आतंकवाद और शत्रुता से मुक्त एक अनुकूल वातावरण बनाना उनके लिए आवश्यक है। इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने की जिम्मेदारी पाकिस्तान की है। इस बीच, मोदी ने भारत चीन संबंधों पर भी बात की। चीन के साथगतिरोध के बीच मोदी ने कहा कि भारत अपनी संप्रभुता और सम्मान की रक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार और प्रतिबद्ध है।



2020 की झड़प के बाद से दोनों देशों के तनाव और बढ़ गए हैं। मोदी ने कहा, चीन के साथ सामान्य द्विपक्षीय संबंधों के लिए सीमावर्ती इलाकों में अमन-चैन जरूरी है। मोदी ने कहा कि भारत-चीन संबंधों का भविष्य का विकास केवल आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हितों पर आधारित हो सकता है। उन्होंने कहा कि संबंधों को सामान्य करने से व्यापक क्षेत्र और दुनिया को लाभ होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत मध्यस्थ की भूमिका निभा सकता है, मोदी ने कहा कि यूक्रेन विवाद पर उनके देश की स्थिति स्पष्ट और अटल है। भारत शांति के पक्ष में खड़ा है, और दृढ़ता से रहेगा। हम उन लोगों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में चुनौतियों का सामना करते हैं, विशेष रूप से भोजन, ईंधन और उर्वरकों की बढ़ती कीमतों के कारण। हम दोनों के साथ संचार बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि हम रूस और यूक्रेन दोनों के साथ संचार बनाए रखते हैं।

## एक बार फिर विपक्ष के निशाने पर सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आरबीआई ने 2000 रुपये के नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की है। शुक्रवार देर शाम भारतीय रिजर्व बैंक ने ऐलान करते हुए बैंकों को सलाह दी है कि वे तत्काल प्रभाव से 2000 रुपये मूल्यवर्ग के नोटों जारी करना बंद करें। आरबीआई के फैसले पर कई राजनेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। जहां कांग्रेस नेता जयराम नरेश ने आरबीआई के फैसले पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा तो वहीं बिहार के पूर्व वित्त मंत्री सुशील शिंदे ने इस कदम की सराहना की है। बिहार के पूर्व वित्त मंत्री सुशील मोदी ने एक टीवी चैनल से बातचीत में आरबीआई के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि यह कदम काले धन को बाहर लाने की एक कोशिश है। कई लोगों ने जमाखोरी कर ली है, इसलिए आरबीआई ने 20 हजार रुपये की लिमिट तय की है। वहीं भारत के पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने कहा कि अब एक हजार के नोट वापस भी आ जाएं तो हैरानी नहीं होगी।

## गरीब का बच्चा पढ़ गया तो चौथी पास राजा का राजमहल हिल जाएगा : सिसोदिया



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने जेल से लिखी चिट्ठी में कहा कि अगर हर गरीब का बच्चा पढ़ गया तो चौथी पास राजा का राजमहल हिल जाएगा?। श्री सिसोदिया की ओर से जेल से लिखे पत्र को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज ट्वीट किया।श्री सिसोदिया ने कवितानुमा पत्र में लिखा है कि अगर हर गरीब का बच्चा पढ़ गया तो चौथी पास राजा का राजमहल तक हिल जाएगा?। इससे पहले भी श्री सिसोदिया जेल से पत्र लिख चुके हैं। इन पत्रों में भी उन्होंने देश की तरक्की के लिए शिक्षा पर जोर देने की बात कही थी। उन्होंने लिखा है, अगर हर गरीब को मिली किताब तो नफरत की आंधी कौन फैलाएगा। सबके हाथों को मिल गया काम, तो सड़कों पर तलवारें कौन लहराएगा। अगर पढ़ गया, हर गरीब का बच्चा तो चौथी पास राजा का राजमहल हिल जाएगा। उन्होंने लिखा है, अगर पढ़ गया समाज का हर बच्चा तो तुम्हारी चालाकियों और कुनितियों पर सवाल उठाएगा। अगर गरीब को मिल गई कलम की ताकत, तो वो अपने मन की बात सुनाएगा। अगर पढ़ गया एक-एक गरीब का बच्चा तो चौथी पास राजा का राजमहल हिल जाएगा।

## प्रभात गुप्ता हत्याकांड में मंत्री अजय मिश्र टेनी बरी

### मृतक के भाई बोले- फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

**लखीमपुर खीरी, संवाददाता।** प्रभात गुप्ता हत्याकांड में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी को बड़ी राहत मिल गई है। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने शुक्रवार को अजय मिश्र टेनी को बरी किए जाने के खिलाफ दाखिल राज्य सरकार की अपील को खारिज कर दिया। अजय मिश्र को बरी किए जाने के फैसले को बरकरार रखा। कोर्ट के फैसले पर प्रभात गुप्ता के भाई राजीव गुप्ता ने कहा, मैं हार गया हूं। उन्होंने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही है। लखीमपुर खीरी के तिकुनिया थाना क्षेत्र में आठ जुलाई 2000 में प्रभात गुप्ता की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। प्रभात गुप्ता समाजवादी पार्टी के यूथ विंग के सदस्य व लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र नेता थे। दूसरी तरफ अजय मिश्र टेनी भाजपा से जुड़े थे। दोनों के बीच पंचायत चुनाव को लेकर पहले से ही रंजिश चल रही थी। घटना को लेकर दर्ज प्राथमिकी में तीन अन्य अभियुक्तों के साथ अजय मिश्र उर्फ टेनी को भी नामजद किया गया था। इस मामले में सुनवाई करते लखीमपुर खीरी की अदालत ने अजय मिश्र व अन्य आरोपियों को पर्याप्त साक्ष्यों के अभाव में वर्ष 2001 में बरी कर दिया था। इस फैसले के खिलाफ वर्ष 2004 में राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। इस मामले में हाईकोर्ट में तीन बार फैसला रिजर्व किया गया। पहली बार 12 मार्च 2018 को जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और दिनेश कुमार सिंह ने फैसला रिजर्व किया। दूसरी बार 10 नवंबर 2022 को जस्टिस रमेश सिन्हा और रेनु अग्रवाल ने फैसला रिजर्व किया था। तीसरी बार 21 फरवरी 2023 को जस्टिस अट्टू रहमान मसूदी और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की बेंच ने फैसला सुरक्षित रखा। शुक्रवार को जस्टिस अट्टू रहमान मसूदी और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की बेंच ने सुनवाई करते हुए राज्य सरकार की अपील को खारिज कर दिया। अजय मिश्र टेनी के बरी होने पर मृतक के भाई राजीव गुप्ता ने कहा कि वह हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।




## बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए कार्य योजना तैयार करे ओडिशा सरकार

**कटक, एजेंसी।** उड़ीसा हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को इस साल के अंत तक बच्चों में गंभीर तीव्र कुपोषण (स्रू) के पूर्ण उन्मूलन और मध्यम तीव्र कुपोषण को कम करने के लिए एक प्रभावी कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया है। जाजपुर जिले के दानागड़ी ब्लॉक में कथित तौर पर कुपोषण से 11 बच्चों की मौत को लेकर दायर जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने यह आदेश पारित किया। कुपोषित बच्चों को दो वर्गों में बांटा गया है। एसएएम के तहत आने वाले बच्चे रेड जोन में माने जाते हैं। इनमें संक्रमण का उच्च जोखिम होता है और गंभीर बीमारियों से पीड़ित होते हैं। जबकि एमएएम के तहत आने वाले बच्चों में कुपोषण के लक्षण दिखते हैं, लेकिन ये येलो जोन में होते हैं और इनका जीवन खतरे में नहीं होता है।

## सुप्रीम कोर्ट ने शिवलिंग की कार्बन डेटिंग के आदेश पर लगाई रोक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में मिली शिवलिंग जैसी आकृति की कार्बन डेटिंग और पूरे परिसर के वैज्ञानिक सर्वेक्षण पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 12 मई को आधुनिक तकनीक का उपयोग करके शिवलिंग जैसी संरचना की आयु का निर्धारण (कार्बन डेटिंग) करने का आदेश दिया था। इसके बाद ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति ने सुप्रीम कोर्ट में इस आदेश को चुनौती दी थी। मस्जिद समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि यह संरचना मस्जिद परिसर में बने वजू खाने में एक फव्वारे का हिस्सा है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने शिवलिंग जैसी आकृति के वैज्ञानिक सर्वेक्षण और कार्बन डेटिंग के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका पर केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और हिंदू याचिकाकर्ताओं को नोटिस जारी किया है। मामले की सुनवाई कर रही तीन जजों की पीठ ने कहा कि विवादित आदेश के निहितार्थों की बारीकी से जांच की जानी चाहिए। इसलिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश में संबंधित निर्देशों का क्रियान्वयन अगली सुनवाई तक स्थगित रहेगा। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी मामले की सुनवाई सात अगस्त तक के लिए टाल दी है। तब तक कार्बन डेटिंग पर रोक जारी रहेगी। केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार दोनों ने ज्ञानवापी में शिवलिंगनुमा आकृति की कार्बन डेटिंग सहित वैज्ञानिक सर्वेक्षण को स्थगित करने की याचिका पर सहमति जताई है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ के समक्ष ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति के वकील हुजेफा अहमदी ने बताया था कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपील लंबित रहते हुए आदेश पारित किया है। हुजेफा की दलीलें सुनने के बाद पीठ याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गई थी। इससे पहले, सुनवाई में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुजैफा अहमदी की दलीलों का संज्ञान लिया था और याचिका को शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई थी। अहमदी ने कहा, इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर अपील लंबित है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 12 मई को अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर, ज्ञानवापी मस्जिद में मिली उस संरचना की उम्र निर्धारित करने का आदेश दिया था, जिसके 'शिवलिंग' होने का दावा किया जा रहा है।

# पीएम किसान सम्मान निधि के तहत पात्र कृषकों का करें संतृप्तीकरण :डीएम

⇨ 22 मई से ग्राम पंचायतवार लगेंगे शिविर, लेखपाल की रहेगी मौजूदगी ⇨ बैंकों में समस्या आने पर डाकघरों में खाता खुलवायें किसान ⇨ शिविर के आयोजन की तैयारियों को लेकर डीएम ने ली बैठक



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र कृषकों के संतृप्तीकरण के उद्देश्य से वृहद ग्राम पंचायत स्तरीय शिविर के आयोजन की तैयारियों के संबंध में बैठक जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत समस्त पात्र कृषकों से संतृप्तीकरण के उद्देश्य से वृहद ग्राम पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन 22 मई से 10 जून तक किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि नए वरासत कृषकों का आवेदन पत्र/पंजीकरण, भूलेख अंकन, आधार सीडिंग ईकेवाईसी शामिल है। इसमें राजस्व कृषि, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, जन सेवा केंद्र, डाकघर के अधिकारियों/कर्मचारी आपस मे समन्वय स्थापित करते हुए अपने-अपने दायित्व का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करके पात्रों को लाभान्वित करे। जो आवेदन पत्र भूलेख सत्यापन हेतु तहसील स्तर पर लंबित है उनको तत्काल कराएं और अपने-अपने क्षेत्र के अंतर्गत गांव में समीक्षा अवश्य करें ताकि इस कार्य में प्रगति लायी जा सके। उन्होंने कहा कि पात्र कृषक जो कतिपय कारण से कृषक रह गये हैं और इस योजना के लाभ हेतु पात्र हैं, परन्तु अभी तक विभिन्न कारणों जैसे कृषक द्वारा पात्र होते हुए भी पीएम किसान पोर्टल पर अभी तक ओपन सोर्स से आवेदन नहीं करने, कृषक द्वारा ओपेन सोर्स से किया गया आवेदन विभिन्न कारणों से लंबित होने, भूलेख के अध्यावधिक न हो पाने अथवा पूर्व में स्वीकृत कृषकों का भूलेख का सत्यापन होने के पश्चात भी आधार का लिंक बैंक खाते से नहीं हो पाया हो पाने के कारण लाभ प्राप्त करने से वंचित हो गये हैं। उनकी अधूरी प्रक्रिया को नियमानुसार कार्यवाही करके योजना से लाभान्वित किया जाय।उन्होंने कहा कि बैंकों के खाता में जिन किसानों को समस्या हो रही है तो उसके लिए डाकघरों में नया खाता खोला जाए ताकि वह इस योजना का लाभ प्राप्त कर सके। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि कैम्प आयोजन स्थल पर अनिवार्य रूप से लेखपाल की उपस्थिति हो तथा वरासत से आने वाले कृषकों का डाटा अनिवार्य रूप से कैम्प में उपलब्ध हो जिससे वरासत से आने वाले कृषकों के आवेदनों का तत्काल निस्तारण कराया जा सके।

जन सुविधा केंद्र संचालकों को निर्देश दिए कि वह निर्धारित गांव के अनुसार जन सुविधा केंद्र संचालक शिविर में पहुंचकर ईकेवाईसी, पंजीकृतकरण, आधार सीडिंग तथा आवेदन पत्र भरवाने कार्य संवदेनशीलता के साथ कार्य करे। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला प्रबन्धक लोकवाणी केन्द्र को निर्देशित किया कि प्रत्येक कैम्प स्थल पर अनिवार्य रूप से आपके प्रतिनिधि की उपस्थिति हो, अनुपस्थिति अथवा कैम्प के सफल आयोजन न होने के कारण अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) द्वारा सम्बन्धित जिला प्रबन्धक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया जायेगा। उनका लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही भी सम्पादित की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित कि कैम्प आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार ग्राम पंचायत अधिकारियों व ग्राम प्रधान के माध्यम से दुग्गी पिटवाकर तथा नोटिस को ग्राम पंचायत भवन तथा राशन की दुकान पर चरमा कराया जाए एवं कृत कार्यवाही का इस आशय का प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत अधिकारियों से प्राप्त किया जाए कि यह कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने उप कृषि निदेशक को आधार सीडिंग पेन्डिंग डाटा को ग्रामवार एवं बैंक शाखावार अग्रणी जिला प्रबन्धक को उपलब्ध तथा कैम्प आयोजन स्थलवार माइक्रो प्लान में लोकवाणी केन्द्र के प्रतिनिधि के नाम के साथ मोबाइल नम्बर अंकन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

उप कृषि निदेशक राम मिलन सिंह परिहार ने बताया कि अभी तक योजना के लाभ से वंचित सभी पात्र कृषकों को लाभ दिलाने हेतु 22 से 10 जून तक एक व्यापक पीएम किसान लाभार्थी संतृप्तीकरण अभियान संचालित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बैठक/शिविर में ऐसे पात्र कृषक जिन्हें विभिन्न कारणों से लाभ नहीं मिल पा रहा है उसका डाटा व अभिलेख पूर्ण कराते हुए समस्त ग्राम पंचायतों को इस योजना से संतृप्त किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि शिविर में ग्राम प्रधान सहित राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) विनय कुमार पाठक, उप जिलाधिकारी सदर अवधेश कुमार निगम, खागा मनीष कुमार, बिन्दकी अंजू वर्मा, जिला कृषि अधिकारी बृजेश सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र राज सिंह, एलडीएम, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी (ईसीसी खागा) बबलू कुमार सहित खंड विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** थरियांव थाना क्षेत्र के एनएच-2 पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन बाइक सवार को टक्कर मारता हुआ निकल गया। जिससे बाइक सवार रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था मे उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार कौशांबी जनपद के सैनी कोतवाली क्षेत्र के गोडियो गांव निवासी फकीर मोहम्मद का 55 वर्षीय पुत्र शब्बीर बाइक से मलवां थाना क्षेत्र में दवा लेने के लिए आ रहा था। जब वह थरियांव थाना क्षेत्र के एनएच-2 पर पहुंचा तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन उसको टक्कर मारता हुआ निकल गया। जिससे बाइक सवार रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको इलाज के लिए हसवा सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने बाइक सवार की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से उसको जिला स्तर के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचने पर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर बाइक सवार को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

## चौपाल लगाकर पात्रों को योजनाओं की दी जानकारी

⇨ भारत हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष लगातार चला रहे अभियान



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** जिले के पात्रों को शासन व मुख्यमंत्री की योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से भारत हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह जनसेवक लगातार अभियान चला रहे हैं। गांव-गांव चौपाल लगाकर लोगों के बीच योजनाओं की जानकारी पहुंचा रहे हैं। शुक्रवार को उन्होने तेलियानी ब्लाक के त्रिलोकीपुर गांव में चौपाल लगाकर पात्रों को विधवा, वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाओं का लाभ कैंसे लें इसकी जानकारी पहुंचाने का काम किया। सभी ने उनके इस अभियान की भूरि-भूरि प्रशंसा की। भारत हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह जनसेवक ने कहा कि जानकारी न होने के चलते कई योजनाओं का लाभ पात्रों तक नहीं पहुंच पाता। इसी उद्देश्य को लेकर उन्होने इस अभियान की शुरूआत की है। गांव में चौपाल लगाकर पात्रों को आमंत्रित करके उन्हें योजनाओं का लाभ कैसे और कहां से लें इसकी जानकारी दी जाती है। उन्होने बताया कि अब तक कई पात्रों को योजनाओं का लाभ भी दिलाया गया है। उन्होने बताया कि अब प्रत्यक्ष रूप से लगभग ग्यारह हजार लोगों को चौपाल से जोड़कर योजनाओं का लाभ दिलाया है। उन्होने कहा कि लोगों का सहयोग मिलता रहा तो आगे भी यह अभियान जारी रहेगा और पात्रों के बीच योजनाओं का लाभ पहुंचाया जायेगा। इस मौके पर मोनू सिंह, दीपू सिंह यादव, सोनू सिंह प्रधान हसनापुर, ऋषि राज सिंह सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### करंट की चपेट में आकर किशोरी गंभीर

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** सदर कोतवाली क्षेत्र के आलादातपुर गांव में एक किशोरी घर में रखे स्टैंड फैन का प्लग लगा रही थी। तभी पंखे में आ रहे करंट ने उसको अपनी चपेट में ले लिया। परिजनों ने किसी तरह किशोरी को करंट से अलग किया। जब तक किशोरी गंभीर रूप से झुलस चुकी थी। जिसको तुरंत सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अलादातपुर गांव में इरशाद अहमद की 15 वर्षीय पुत्री सना घर में रखें स्टैंड फैन का प्लग लगा रही थी। तभी पंखे में आ रहे करंट ने उसको अपनी चपेट में ले लिया। जिसकी जानकारी परिजनों को हुई तो किसी तरह किशोरी को करंट से अलग किया।

## ज़मीनी विवाद में भतीजे ने चाची को पीटा

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** खागा कोतवाली क्षेत्र के कल्लनपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर एक भतीजे ने अपनी चाची को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। घायल अवस्था मे चाची को इलाज के लिए परिजन नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के कल्लनपुर गांव निवासी लाल सिंह की 35 वर्षीय पत्नी मिथलेश कुमारी को जमीनी विवाद के चलते उसके भतीजे मुन्नू सिंह पुत्र पुत्तन सिंह ने लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। घायल अवस्था में परिजन मिथलेश कुमारी को हरदो सीएचसी इलाज के लिए लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने महिला की चोट गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसको सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचने पर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर महिला को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। खबर लिखे जाने तक पीड़िता की तरफ से थाने में कोई तहरीर नही दी गई थी।

# 41 डिग्री पहुंचा पारा, लू के थपेड़ों से बेहाल लोग

⇨ गर्मी से बचाव के प्रयास हो रहे नाकाफी



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** गर्मी का प्रकोप दिन प्रतिदिन विकराल रूप धारण करता जा रहा है। शुक्रवार को पारा 41 डिग्री पहुंचने से लोग पसीना-पसीना रहे। गर्मी से बचाव के प्रयास भी नाकाफी साबित हो रहे हैं। गर्मी अधिक बढ़ने से पेयजल की दरकार भी बढ़ गई है। रेलवे स्टेशन, बस स्टाप सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों में पीने के पानी के लिए मारामारी देखी जा सकती है। उधर व्यापारी भी दोपहर के समय अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर घरों को रवाना हो जाते हैं। दिन के समय मार्गो पर सन्नाटा दिखाई दे रहा है। वैसे तो गर्मी का मौसम है तो गर्मी पड़ना लाजिमी है, किंतु अब गर्मी ने सभी का मिजाज बिगाड़ दिया है। घर-घर बीमारियों ने जहां पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। वहीं इसके प्रकोप का शिकार सबसे ज्यादा बच्चे हो रहे है। जिन्हें थोड़ी देर में गर्मी तो कूलर एवं एसी के समीप थोड़ी ही देर में ठंड का एहसास होता है। ठंडी-गर्मी का एहसास होने का कारण ही बीमारी को जन्म देता है। इस मौसम में बच्चे ज्यादातर चेचक, दिमागी बुखार, हैजा, कालरा सहित अन्य बीमारियों की चपेट में अधिक आ रहे है। वहीं गर्मी का प्रकोप ज्यों-ज्यों बढ़ रहा है उसी प्रकार से शहर ही नही पूरे जनपद में ठंडे पेय पदार्थो की दुकानें भी सजी हैं। ठंडे पेय पदार्थों में कोल्ड ड्रिंक, लस्सी, आम का जूस, गन्ने का जूस, आईसक्रीम सहित अन्य पदार्थो की बिक्री में काफी तेजी आई है। जहां गर्मी ने लोगों को अपने प्रकोप का एहसास करा दिया है। गर्मी के प्रकोप को देखते हुए लोग दिन के समय घरों में दुबक जाते हैं। जिससे रोडों पर सन्नाटा दिखाई देता है। सुबह दस बजे तक एवं शाम छह बजे के बाद बाजारों में रौनक लौटती है। गर्मी में पशुओं को समुचित व्यवस्था न होने से पशुपालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दर्जनों जानवर लू की चपेट में है। अधिकांश पशु अस्पतालों में नियमित चिकित्सक तैनात नहीं है तो कुछ कम्पाउंडर के सहारे काम चल रहा है। इन हालातों में एक बड़ी दिक्कत यह भी है कि कई पशु अस्पताल बंद पड़े हैं। नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इस समय पशुओं को सबसे अधिक लू से बचाने की आवश्यकता है। लू से पशुओं का स्वास्थ्य बुरी तरह प्रभावित होता है। बताया गया कि अगर पशु दुधारू है तो उसका दूध सूख जाएगा। गर्मी का प्रकोप केवल मानव को ही प्रभावित नही कर रहा है, अपितु उसका सबसे अधिक शिकार पशु-पक्षी हो रहे है। पड़ रही भीषण गर्मी में तालाबों से उड़ती धूल, कुओं का सूखना एवं हैण्डपंपों की समय से रिपेयरिंग न होना बड़ी वजह है।

### छत से गिरकर किशोर घायल

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के फरीदपुर गांव में एक किशोर छत पर कुछ काम कर रहा था। तभी उसका पैर छत से फिसल गया और वह नीचे गिर कर घायल हो गया। घटना की सूचना सरकारी एम्बुलेन्स को दी गई। वही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स ने घायल किशोर को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के फरीदपुर गाँव निवासी उदय का 17 वर्षीय पुत्र गुड्डू छत पर कोई काम कर रहा था। तभी उसका पैर छत से फिसल गया और वह नीचे गिर कर घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने किशोर को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची।

## ट्रक की टक्कर से वाहन सवार श्रद्धालु की मौत, चार घायल

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** खागा कोतवाली क्षेत्र के भोगलपुर चौराहे के समीप विंध्याचल से दर्शन कर के लौट रहे दर्शनार्थियों की कार में तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दिया जिससे कार दुर्घटना ग्रस्त हो गई। हादसे में एक की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए है, दो की हालत गम्भीर होने पर डॉक्टर ने कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार रायबरेली जनपद के निगोहा थाना क्षेत्र निवासी निर्मल 25 वर्ष, रामकली 55 वर्ष, सर्वेश 45 वर्ष, विनय 50 वर्ष, छोटू 30 वर्ष मिर्जापुर से दर्शन करके इलाहाबाद के रास्ते से रायबरेली वापस लौट रहे थे। जैसे ही कार इलाहाबाद कानपुर हाईवे खागा कोतवाली क्षेत्र के भोगलपुर चौराहे के समीप पहुंची तभी तेज रफ्तार ट्रक ने कार में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे को देखते हुए राहगीरों ने इसकी सूचना 108 एम्बुलेंस व पुलिस प्रशासन को दी। मौके पर पहुंची खागा और थरियांव 108 एंबुलेंस स्वास्थ केंद्र ले जाकर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल पहुंचाया।

## खबर का असर : अब शुरू हुआ निर्माण कार्य

⇨ नौ माह पहले ही हो चुका कार्य का भुगतान



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** भिटौरा ब्लाक की ग्राम पंचायत रारा चांदपुर में इंटरलाकिंग व नाली निर्माण का धन प्रधान व सचिव ने डकार लिया था। जिसकी खबर समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित की। खबर प्रकाशन के बाद प्रधान व सचिव हरकत में आये और शुक्रवार से विकास कार्य शुरू हो गया। जिस पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

बताते चलें कि भिटौरा ब्लाक की ग्राम पंचायत रारा चांदपुर में साढ़े चार लाख रूपये की लागत से इंटरलाकिंग व नाली निर्माण का कार्य होना था। प्रधान रामरेखा देवी व पंचायत सचिव रणवीर सिंह ने खेल खेलते हुए खड़ंजे के ऊपर ही नये निर्माण कार्य संबंधी पत्थर लगवाकर इतिश्री कर ली थी। शासन से मिले धन का बंदरबांट हो गया था। इस घोटाले की जानकारी मिलने पर समाचार पत्रों ने प्रमुखता से यह खबर उन्नीस मई के अंक में प्रकाशित की थी। खबर का प्रकाशन होते ही प्रधान व सचिव ने पोल खुलने के डर से तत्काल शुक्रवार से निर्माण कार्य शुरू कर दिया। मौके पर नया खड़ंजा व नाली का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इंटरलाकिंग व नाली निर्माण का कार्य शुरू होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों का कहना रहा कि गांवों में विकास कार्य के लिए आने वाले धन का प्रधान व सचिव मिलकर बंदरबांट कर जाते हैं। यदि वास्तविक रूप से निर्माण कार्य हो जायें तो गांवों की तस्वीर बदल जायेगी।

### 21 मई को विशेष लोक अदालत भी लगेगी

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव ने बताया कि जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रणंजय कुमार वर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक अदालत व विशेष लोक अदालत का आयोजन आगामी 21 मई को दीवानी न्यायालय परिसर एवं समस्त तहसीलो में प्रातः 10 बजे से किया जा रहा है। उन्होने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में एमवी एक्ट के ई-चालान, धारा एनआई एक्ट, आपराधिक शमनीय वाद, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्धटना प्रतिकर वाद, वैवाहिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, वेतन भत्तो एवं सेवा निवृत्ति लाभो से सम्बन्धित सेवा प्रकरण, राजस्व वाद, अन्य दीवानी वाद, सुखाधिकार निषेधाज्ञा वाद एवं विशिष्ट अनुतोष आदि सुलह समझौता/संस्वीकृति के आधार पर निस्तारित होने योग्य मामले निस्तारित किये जायेगें।

## सिविल अधिवक्ता मंच ने बैठक कर उठाई मांगे

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** सिविल अधिवक्ता मंच की जिला इकाई कार्य समिति की बैठक सिविल अधिवक्ता हाल में प्रांत संयोजक आरपी मौर्य की अध्यक्षता में हुई। जिसमें कई मांगे उठाई गई। बैठक में वक्ताओं ने नवनिर्वाचित विधि मंत्री भारत सरकार बनाये जाने पर अर्जुन को बधाई दी। नये विधि मंत्री मेघवाल से मांग की गई कि घिसे-पिटे पुराने कानून को बदलकर समयबद्ध निर्णय देने के लिए परिवर्तन किया जाये, जिला न्यायालयों में विचाराधीन 94 पतिशत वाद समाज के दलित पिछड़ों व कम आय के लोगों के होते हैं जिनमें बीस वर्ष तारीखों पर तारीख बढ़ाये जाने की व्यवस्था पर लगाम लगाई जाये, जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक नगर पालिका चुनावों में सत्ता पक्ष के लोगों ने राजनीति को बदनाम किया है इस पर गंदे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाये, महात्मा बुद्ध, डा. अंबेडकर, कबीर, स्वामी दयानंद सरस्वती, महावीर जैन, ज्योतिबा फुले आदि के स्थलों को भी सरकारी ढंग से महिमा मंडित किया जाये, प्रदेश सहित उत्तर भारत में अभी 3/4 भाग आबादी गांव कस्बों में ऊंच-नीच की व्यवस्था पर टिकी है।

## हज यात्रियों को प्रशिक्षण देकर किया टीकाकरण

⇨ स्कूल प्रबधंक ने यात्रियों का स्वागत कर दी अहम जानकारियां




**फतेहपुर, (संवाददाता)।** हज यात्रा पर इस वर्ष 180 लोग जाएंगे। जिसमें 101 महिलाएं व 79 पुरूष हैं। हज यात्रियों का ट्रेनिंग व टीकाकरण कैंप का आयोजन लखनऊ बाईपास रोड स्थित एनएच सीनियर सेकण्ड्री स्कूल (नूरूल हुदा) में किया गया। जिसमें ट्रेनर ने यात्रियों को हज की बारीकियां समझाते हुए स्वास्थ्य कर्मियों ने टीकाकरण किया। ट्रेनिंग का प्रोग्राम सुबह नौ बजे से शुरू हुआ। पुरुषों को हज की जानकारी हाजी इलियास, जिला हज ट्रेनर हाफिज अब्दुल रहमान व महिलाओं का प्रशिक्षण बिलकीस बानो ने दिया। ट्रेनरों ने हज यात्रियों को हज के सभी अरकानों की विस्तृत जानकारी देकर हज के सफर के दौरान किन-किन बातों का ध्यान रखना है इस पर भी विस्तार से जानकारी दी। स्कूल के प्रबंधक मौलाना मो. उमर शरीफ मजाहिरी ने हज यात्रियों का शुक्रिया अदा करके देश व स्कूल की तरक्की के लिए दुआ की दरख्वास्त की। टीकाकरण का प्रोग्राम सुबह 11 बजे शुरू हुआ। स्वास्थ्य टीम ने सभी यात्रियों को मेनिनजाइटिस, ओरल पोलियो व इन्फ्लूएंजा का टीका लगाया। सभी हाज यात्रियों के लिए खाने पीने का इंतजाम किया गया था। सभी लोगों ने स्कूल की इस मेजबानी की तारीफकी और स्कूल की तरक्की के लिए दुआ भी की। इस मौके पर डा. शकील खान, शब्बीर, अच्छे, मो. अबुजर, अबुजफर दानिश, यासिर, शहजाद हुसैन, मो. जुबैर, बब्लू, रिजवान, जुनैद भी मौजूद रहे।

### महिला ट्रैक्टर से गिरकर घायल

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** हथगांम थाना क्षेत्र के हरिपुर गांव से कुछ महिलाएं ट्रैक्टर पर सवार होकर रकौंहा गांव कथा सुनने जा रही थी तभी एक महिला ट्रैक्टर से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के हरिपुर गांव निवासी बुद्धा की 40 वर्षीय पत्नी कन्ने देवी कुछ महिलाओं के साथ ट्रैक्टर पर सवार होकर रकौंहा गांव कथा सुनने जा रही थी। जैसे ही उसका ट्रैक्टर रकौंहा गांव के समीप पहुंचा तभी ट्रैक्टर पर सवार कन्ने देवी ट्रैक्टर से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसको इलाज के लिए हथगांम सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने महिला की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से उसको जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## वटवृक्ष के फेरे लगा मांगी पति की दीर्घायु

पूजा अर्चना के बाद तोड़ा व्रत, बड़ी संख्या में किया गंगा स्नान



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** सुहागिन महिलाओं ने शुक्रवार को बरगदाही अमावस्या पर वटवृक्ष की पूजा अर्चना की और सात फेरे लगा सुहाग के दीर्घायु की कामना की। सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा। उधर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान भी किया।

सुबह सात बजे से सुहागिन महिलाएं श्रृंगार करके वटवृक्ष की पूजा करने पहुंची। सिंचाई विभाग के वटवृक्ष की पूजा करने मे महिलाओं की भीड़ लगी रही। पुलिस लाइन मैदान, रेलवे कालोनी, हरिहरगंज, कलक्टरगंज, शांतीनगर, देवीगंज, जयरामनगर, आबूनगर, पटेलनगर समेत अन्य जगहों मे महिलाओं ने वटवृक्षों की पूजा की। बड़ी संख्या मे महिलाएं मोहल्लों या दूर दराज स्थित वटवृक्षों तक पहुंची और मनोकामना के लिए पूजा अर्चना की। निर्जलाव्रत रहने के बाद ग्यारह कच्चे चने और वटवृक्ष की एक कोप खाकर व्रत तोड़ा। सुहागिन महिलाओं ने घर जाकर पति से आर्शीवाद लिया। हमारे खागा, बिन्दकी संवाददाता के मुताबिक क्षेत्र मे सुहागिन महिलाओं ने वटवृक्ष की पूजा करके पति की दीर्घायु मांगी। अमावस्या होने के कारण शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने बड़े सवेरे से ही गंगा स्नान करने के लिए पतित पावनी की ओर अपना रूख किया। मां गंगा की विधिवत पूजा, अर्चना कर दान किया। कुछ ने बरगद पूजा भी घाट में सम्पन्न कर ली।

# केंद्रीय विद्यालय मधुपुरी का साध्वी ने किया शिलान्यास

⇨ 24 करोड़ 60 लाख रूपये की लागत से होगा निर्माण



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंदौली रोड पर केंद्रीय विद्यालय मधुपुरी का शिलान्यास शुक्रवार को जिले की सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने भूमि पूजन कर विधि-विधानपूर्वक किया। यह विद्यालय 24 करोड़ 60 लाख रूपये की लागत से होगा। केंद्रीय राज्यमंत्री ने जल्द से जल्द विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू कराकर पूरा कराये जाने की हिदायत दी। केंद्रीय विद्यालय मधुपुरी का शिलान्यास समारोह शुक्रवार को आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिले की सांसद एवं उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार की राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने शिरकत की। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा के अलावा जिलाधिकारी श्रुति ने भी हिस्सा लिया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने भूमि पूजन कर विधि-विधान से शिलान्यास किया। समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय की स्थापना से जिले के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। जल्द ही इस विद्यालय का निर्माण कार्य पूरा कराया जायेगा। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द विद्यालय का निर्माण कार्य पूरा करायें। निर्माण कार्य की रिपोर्ट उन्हें समय-समय पर भेजी जाये। इस मौके पर केंद्रीय विद्यालय सहायक संभाग लखनऊ के उपायुक्त डीके द्विवेदी, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश बाजपेयी, ब्लाक प्रमुख हसवा विकास पासवान, राजू साहू, कोटेश्वर शुक्ला, अशोक मौर्या, मधुराज विश्वकर्मा, प्रवीण प्रसून, नेहा सिंह, सभासद सुनील गुप्ता, उदय लोधी, ज्ञानेंद्र सचान ज्ञानू, सुशील सिंह चंदेल, श्यामू मौर्या, शिव प्रताप सिंह चौहान, योगेंद्र के अलावा मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, नायब तहसीलदार भी मौजूद रहे।

### बकरा व बाइक समेत तीन चोर गिरफ्तार



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** बकरा चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस के लिए सिरदर्द बने तीन चोरों को चांदपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से चोरी का एक बकरा व मोटरसाइकिल बरामद की है। तीनों के खिलाफसुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम देवचली निवासी सत्येंद्र कुमार पुत्र शिव सिंह ने 18 मई को थाने पर प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि तीन अज्ञात व्यक्तियों ने घर के बाहर बंधा बकरा खोल लिया और ले गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बकरा चोरों की तलाश शुरू कर दी और मुखबिर की सूचना पर बकरा चोर पिंकू पुत्र कपूर सिंह, जगी पुत्र सूरजदीन, सांवले पुत्र स्व. नत्थू निवासीगण कंजरनडेरा मजरे नोनारा थाना जहानाबाद को गिरफ्तार करते हुए चोरी का बकरा समेत एक बाइक बरामद की है। पुलिस ने तीनों के खिलाफकार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया।

## कुओं का वजूद खत्म होने से बढ़ रहा पेयजल संकट



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** पेयजल की समस्या को देखते हुए गांव-गांव जहां हैंडपम्पों का जाल बिछ गया है। वहीं पर बुजुर्गो द्वारा बनाये गये कुंओं का धीरे-धीरे अस्तित्व समाप्त होता जा रहा है क्योंकि गांव के ज्यादातर कुंए सूख गये हैं। खागा तहसील क्षेत्र के चारों विकास खंडों के गांव एकडला अहमदगंज तिहार, मठेठा रारी, सरौली, गोधौरा, सधुवापुर, शिवपुरी, रहमतपुर, कुल्हीं चचीड़ा खखरेरू शुकुलपुर, सलेमपुर गोली, उमरा, भोगलपुर, काथू, कटोधन सुजानीपुर, सरसई, तिलकापुर ब्योटी, त्रिलोचनपुर बेलई, बेलावा, खरसेड़वा सहित तमाम गांवों में बुजुर्गो द्वारा खुदाये गये कुंए ज्यादातर सूख गये है और जिन कुंओं में पानी थोड़ा बहुत है भी उसमें भी लोग पानी नहीं भर रहे इससे कुंओ का अस्तित्व धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है। प्रदेश में विभिन्न दलों की सरकारें आयी और गांव के कुंओ को मरम्मत का काम नहीं कराया गया। जलस्तर गिरने की वजह से गांव-गांव इंडिका मार्का हैंडपम्पों की बाढ़ आ गयी। गांवों में इतने हैंडपम्प लग गये है कि अब धीरे-धीरे ज्यादातर रिबोर की स्थिति में होते जा रहे है और खराब भी होते जा रहे है लेकिन आज भी जो सरकारें आती है वह सभी गांव के लिए पेयजल समस्या को देखते हुए हैंडपम्प लगाये जाते है क्योंकि गांवों की आबादी दिन प्रतिदिन बढ़ रही हैं जिस तरह से जलस्तर गिरता जा रहा है। उसी के चलते हैंडपम्प भी ज्यादा खराब हो रहे है। गर्मी प्रारंभ हो जाने के बाद पानी की खपत ज्यादा हो जाने से कहीं-कहीं हैंडपम्पों से कीचढ़ भी निकलने लगता है। हैंडपम्पों के चलते अब बुजुर्गो द्वारा बनाये गये कुंओं का अस्तित्व धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है।

# संपादकीय

## हिमाचल की ट्रांसफर फाइल

एक बार फिर हिमाचल की ट्रांसफर फाइल चर्चाओं में है और पहली बार किसी सरकार ने खुले रूप से नौकर व अफसरशाही को बाज आने की हिदायत दी है। जाहिर है हिमाचल में ट्रांसफर का सिफारिशी तंत्र विकसित हुआ है और इसीलिए इसकी एक ऐसी विस्तृत संस्कृति व सहमति है, जो हर सरकार के दामन में दाग ही चस्पां नहीं करती, बल्कि सुशासन, विकास और आर्थिकी के अनुशासन व सरकारों के प्रयत्न को भी निराशावाद में घसीट देती है। ऐसे में राजनीतिक सिफारिश के खिलाफ अगर सुक्खू सरकार अपना नैतिक फर्ज निभा पाती है, तो यह व्यवस्था परिवर्तन का लाजिमी उपहार होगा। हालांकि हर ट्रांसफर के पीछे राजनीतिक चक्र और तुष्टीकरण का माहौल बनाया जाता है, फिर भी अब तक की सरकारों ने स्पष्ट नीति व नियम बनाने की दिशा में प्रयास नहीं किए। पिछली सरकार में कम से कम अध्यापक स्थानांतरण के नियम बन चुके थे, लेकिन सियासत को यह गवारा न हुआ। अपने साहसिक मोड पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ऐसा अलख जगाते हैं, तो कई ईमानदार अधिकारी व कर्मचारी उन्हें दुआएं देंगे। स्थानांतरण नीति को शिमला की पोस्टिंग व प्लेसमेंट समझने ही नहीं देती और इसे एक मकडज़ाल बनाकर रखने में राजधानी के विभागीय मुख्यालय और राज्य सचिवालय की कार्यसंस्कृति को पलटना होगा। ट्रांसफरों के माध्यम से एक अनूठा क्षेत्रवाद, जातिवाद, राजनीति, राजनीतिक ठेकेदारी और सरकार में होने की हिस्सेदारी निचले स्तर तक है। यह अपने आप में एक अर्थतंत्र भी है और यह सरकारी नौकरी, नियुक्तियां व लाभकारी पद पाने से लेकर कर्मचारी व अधिकारी सियासत को हमेशा बुलंद रखने की तनख्वाह भी है। धीरे-धीरे नेताओं ने अपने कॉडर और पसंद की देखभाल के लिए कर्मचारी व अधिकारी पालने शुरू किए हैं। यही वजह है कि अधिकांश ट्रांसफर आर्डर एक तरह का पालतू प्रमाणीकरण है। इस मामले में अगर सुक्खू सरकार ने एकमुश्त कार्रवाई के तहत तमाम जिलाधीश, पुलिस अधीक्षक, अफसर या टेक्रोक्रैट नहीं बदले, तो सुशासन की देखरेख बढ़ सकती है, वरना अब तो पद पर बैठना ही सियासी पदक है। प्रदेश में सोशल मीडिया के दखल से कुछ अधिकारियों की गायकी उनके दायित्व पर भारी पड़ी है, तो कई नाटी डालते हुए मशहूर हो गए। अभी एक युवा महिला अधिकारी के सार्वजनिक नृत्य पर उनकी अदाओं और पहरावे पर काफी बवाल है। ऐसे में दफ्तरों में गरिमामय वातावरण की दरकार को पूरा करने की भी जरूरत है। दरअसल हिमाचल में 'जी हुजूरी' का एक ऐसा दौर शुरू हुआ है जहां कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपनी बची खुची पहचान व रीढ़ खो दी है। सुशासन में प्रासंगिकता तब आएगी जब मौलिक व स्वतंत्र विचारों के अधिकारियों की शिनाख्त होगी। इसके लिए आलोचना का महौल तब पैदा होगा जब सत्ता के अहम पदों पर बैठे लोग अपने सामने अफसरों के आलोच्य पक्ष को तवज्जो दें और उन्हें गौण न करें। इसका दूसरा पक्ष मीडिया भी है जिसकी सकारात्मकता व नेकनीयती, उसकी आलोचना में है।

## मनुहार-पुचकार की जरूरत

अंततः सिद्धारमैया कर्नाटक के 23वें मुख्यमंत्री बन रहे हैं। डीके शिवकुमार भी उपमुख्यमंत्री बनने पर सहमत हो गए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भी बने रहेंगे। आज उनका शपथ-ग्रहण समारोह है। विपक्षी एकता का बिम्ब भी दिखाई देगा, हालांकि उसमें कुछ दरारें भी दिखेंगी। चार दिनों तक डीके मुख्यमंत्री पद के लिए अड़े रहे। जनादेश की दावेदारी न तो सिद्धारमैया कर सकते हैं और न ही शिवकुमार। जनादेश कांग्रेस को, भाजपा के विकल्प के तौर पर, मिला है। यदि किसी एक नेता का करिश्मा होता, तो बेशक उसका उल्लेख भी किया जाता। सिद्धारमैया का नाम चुनाव के दौरान ही तय कर लिया गया था, क्योंकि आजकल कांग्रेस ने ओबीसी, यानी पिछड़े, का 'राजनीतिक राग' अलापना शुरू कर दिया है। सिद्धारमैया कुरुबा समुदाय के हैं, जो कर्नाटक में पिछड़ा समाज माना जाता है। बेशक सत्ता के दोनों प्रमुख दावेदार शपथ ले रहे हैं, लेकिन दलित, मुसलमान, लिंगायत आदि ठगा-सा महसूस कर रहे हैं। उनकी पुरजोर मांग रही है कि सत्ता में हिस्सेदारी मिलनी चाहिए, लिहाजा उपमुख्यमंत्री उनके सामुदायिक विधायक को भी बनाया जाए। दलितों की पीड़ा जी. परमेश्वर बयां कर रहे हैं, जो पहले सरकार में उपमुख्यमंत्री रह चुके हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भी रहे हैं। कद्दावर नेता हैं। बहरहाल कांग्रेस को मनुहार-पुचकार अभी करनी पड़ेगी, क्योंकि इन समुदायों के व्यापक समर्थन से ही कांग्रेस का जनादेश तय हो पाया है। कांग्रेस में नेतागीरी की रस्साकशी की पुरानी परंपरा रही है और हिस्सेदारी का नाटक आज भी जारी है। प्रधानमंत्री रहीं दिवंगत इंदिरा गांधी भी रस्साकशी और विभाजन की देन थीं। आज राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ के उदाहरण भी कांग्रेस नेतृत्व के सामने हैं। चिंता भी होती होगी, क्योंकि तीनों राज्यों में इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। राजस्थान में तो मंत्रियों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के लिए बयान देने शुरू कर दिए हैं कि वह अहंकारी हो गए हैं। कर्नाटक में 40 फीसदी कमीशन की सरकार थी। राजस्थान में तो उससे भी ज्यादा दलाली खाई जाती है। सरेआम भ्रष्टाचार है। कांग्रेस के लिए ये विरोधाभास शांत करना आसान नहीं है। कर्नाटक की चुनौती भी कमतर नहीं है। राज्य सरकार को 'पांच गारंटियां' मुहैया करानी हैं। महिलाओं और बेरोजगार युवाओं को जो नकदी भत्ते बांटे जाने हैं, उन्हें लेकर कांग्रेस का अन्य राज्यों में रिकॉर्ड खराब रहा है। करीब एक साल बाद लोकसभा चुनाव भी हैं। कर्नाटक की 28 लोकसभा सीटों में से मात्र एक सीट कांग्रेस को नसीब है। भाजपा के 25 सांसद हैं और 18 सांसदों से कम उनकी संख्या कभी नहीं रही। यदि कर्नाटक में थोड़ी-सी भी कोताही बरती गई, तो आम चुनाव का जनादेश अपनी दिशा फिर बदल सकता है। कर्नाटक में कांग्रेस की कई स्तरों पर अग्नि-परीक्षा है। यदि सिद्धारमैया और डीके ने आपसी समन्वय और सहयोग से काम किया, तो राजस्थान, मप्र और छत्तीसगढ़ में भी गुटों में बंटी कांग्रेस के काडर के लिए बेहतर होगा। कर्नाटक की पद्धति पर राजनीति करने की प्रेरणा मिलेगी। यदि पार्टी ने वोट पाने के लिए ही कुछ जुमले उछाल दिए थे और सरकार सभी स्तरों पर काम नहीं करेगी, तो जनादेश नाराजगी की मुद्रा में भी जा सकता है।

# कर्नाटक विजय विपक्षी एकता में बाधा

**यह निश्चित है कि कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों की शर्तें किसी भी सूरत में मंजूर नहीं होंगी। कांग्रेस ऐसा करके अपने पैरों पर कुल्हाड़ी नहीं मारेगी। कांग्रेस का राजनीतिक नेटवर्क पूरे देश में है। ऐसे में जिन राज्यों में क्षेत्रीय दलों की सत्ता है, उनमें भी सीटों पर बंटवारा किए जाने पर ही कांग्रेस का विपक्षी दलों से गठबंधन संभव है। जबकि विपक्षी दल चाहते हैं कि जिन राज्यों में उनका संगठन नाममात्र का है और कांग्रेस वहां प्रभावी भूमिका में है, कांग्रेस सिर्फ वहीं तक सीमित रहे। यदि विपक्षी दलों की यह दलील कांग्रेस को स्वीकार होती तो कर्नाटक में भी देवेगौड़ा की पार्टी जनता दल से समझौता करती। क्योंकि कांग्रेस ने करीब दो दशक बाद सत्ता में वापसी की है, इसलिए वह विपक्षी दलों की एकता के लिए अपनी कुर्बानी किसी भी हालत में नहीं देगी। यह भी निश्चित है कि क्षेत्रीय दलों के प्रभाव वाले राज्यों में कांग्रेस के प्रत्याशी खड़े होने से वोटों का बंटवारा होगा। इससे कहीं न कहीं फायदा भाजपा को मिल सकता है**

कर्नाटक के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को करारी शिकस्त देकर जोरदार झटका दे चुकी कांग्रेस से विपक्षी दल भी सतर्क हो गए हैं। विपक्षी दलों की एकता में कांग्रेस की कर्नाटक में हुई प्रचंड जीत बाधा बन गई है। पहले हिमाचल प्रदेश और उसके बाद कर्नाटक में सत्ता में वापसी से कांग्रेस जिस तरह से नए सिरे से उठ खड़ी हुई है, उससे न सिर्फ भाजपा भौंचक्की है, बल्कि विपक्षी एकता की कवायद करने वाले गैर भाजपा दलों मे खलबली मची हुई है। कांग्रेस की जीत का यह सिलसिला इस बात के संकेत भी हैं कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस कोई बड़ा कारनामा करने की फिराक में है। यही वजह है कि कुछ दिनों पहले तक कांग्रेस को साथ लेने की कवायद करने वाले क्षेत्रीय दलों के नेताओं को अब अपने राज्यों में कांग्रेस से ही खतरा मंडराता हुआ नजर आ रहा है। विपक्षी दलों को दरअसल दोहरा डर सता रहा है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के तौर पर भाजपा पहले से ही मौजूद है किन्तु भाजपा विरोधी के तौर पर कांग्रेस दूसरा बड़ा खतरा बन गई है। भाजपा चूंकि सभी विपक्षी दलों की खुले तौर पर एक नम्बर की प्रतिद्वंद्वी है, इसलिए उसके नुकसान-फायदों और ताकत का अंदाजा सभी को है, किन्तु कांग्रेस ने लंबे समय बाद सत्ता में जिस तरह जोरदार वापसी की है, उससे क्षेत्रीय दलों के समक्ष नई परेशानी खड़ी हो गई है।

विपक्षी दलों के कर्ताधर्ताओं को इस बात का अंदाजा भी बखूबी है कि कांग्रेस को साथ लिए बगैर विपक्षी एकता का ख्वाब धरातल पर नहीं उतर सकता। विपक्षी दल कांग्रेस को साथ लेना तो चाहते हैं, किन्तु सतर्कता बरतते हुए समान दूरी बनाए रख कर। यही वजह है कि पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सुर बदल गए। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के विपक्षी एकता के लिए किए जा रहे प्रयासों की पुनर्समीक्षा करनी पड़ी है। ममता बनर्जी कांग्रेस को विपक्षी एकता में शामिल करने को बेशक राजी हो गई हों, किन्तु उससे समान दूरी बनाए रखने पर भी जोर दे रही हैं। ममता ने जो फार्मूला दिया है उसके तहत कहा कि वे कांग्रेस का समर्थन करने के लिए तैयार हैं, बशर्ते वह पश्चिम बंगाल में उनका समर्थन करे। उन्होंने कहा, 'जहां भी कांग्रेस अपनी-अपनी 200 सीटों पर मजबूत है, वह वहीं चुनाव लड़े। हम उनका समर्थन करेंगे, लेकिन उन्हें दूसरे राज्यों में प्रभावी क्षेत्रीय दलों का भी समर्थन करना होगा।'

ममता बनर्जी का बयान यह साफ इशारा करता है कि कांग्रेस उन राज्यों में सीटों के लिए ज्यादा न सोचें, जहां क्षेत्रीय दल मजबूत हैं। ममता बनर्जी इसके जरिए बिहार में नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव, झारखंड में हेमंत सोरेन, पंजाब में अरविंद केजरीवाल, ओडिशा में नवीन पटनायक, तमिलनाडु में एमके स्टालिन और तेलंगाना में के. चंद्रशेखर राव को ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। ममता का प्रयास है कि सब मिल कर कांग्रेस पर इस तरह का दबाव बनाएं ताकि उनकी सत्ता पर आंच न आए। दरअसल ममता बनर्जी चाहती हैं कि कांग्रेस लोकसभा की 543 में से सिर्फ 200 सीटों के आसपास ही चुनाव लड़े और बाकी सीटों पर अलग-अलग राज्यों में जो भी क्षेत्रीय दल मजबूत स्थिति में हैं, कांग्रेस उनको समर्थन दे। विपक्षी दलों की इस कवायद से कांग्रेस ऐसा करके सत्ता के अपने रास्ते कभी भी बंद नहीं करना चाहेगी। गौरतलब है कि विपक्षी एकता की कवायद की शुरुआत में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में शामिल करने से साफ इंकार कर दिया था। कर्नाटक की जीत के बाद अखिलेश यादव के सुर भी बदल गए। समाजवादी पार्टी के



अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी एकता पर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के दिए बयान का समर्थन किया है। अखिलेश ने कहा है कि जो मजबूत हो, उसे आगे कर चुनाव लड़ा जाए। बिहार में नीतीश कुमार और तेलंगाना में केसीआर सहित सभी दल यही चाहते हैं।

आश्चर्य की बात यह है कि ममता बनर्जी हों या अखिलेश यादव सहित दूसरे विपक्षी नेता, कांग्रेस को सशर्त विपक्षी एकता में शामिल करने की दलील तो दे रहे हैं किन्तु कांग्रेस क्या चाहती है, यह किसी ने जानने का प्रयास नहीं किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने ममता बनर्जी के फॉर्मूले को सिरे से खारिज कर दिया। इससे साफ जाहिर है कि कर्नाटक चुनाव के बाद जीत के रथ पर सवार कांग्रेस नहीं चाहती कि उसे क्षेत्रीय दलों से सीटों के तालमेल में घाटे का सौदा करने पड़े। क्षेत्रीय दल जिस तरह से कांग्रेस के समक्ष शर्तें रख रहे हैं, उस लिहाज से कांग्रेस का केंद्र में सरकार बनाने का लक्ष्य ही विफल हो जाएगा। क्षेत्रीय दलों का प्रयास है कि उनके राजनीतिक आधार वाले राज्यों में भाजपा की तरह कांग्रेस भी उनसे दूर रहे, पर कांग्रेस अपने वोट बैंक का समर्थन उनके पक्ष में करे।

यह निश्चित है कि कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों की शर्तें किसी भी सूरत में मंजूर नहीं होंगी। कांग्रेस ऐसा करके अपने पैरों पर कुल्हाड़ी नहीं मारेगी। कांग्रेस का राजनीतिक नेटवर्क पूरे देश में है। ऐसे में जिन राज्यों में क्षेत्रीय दलों की सत्ता है, उनमें भी सीटों पर बंटवारा किए जाने पर ही कांग्रेस का विपक्षी दलों से गठबंधन संभव है। जबकि विपक्षी दल चाहते हैं कि जिन राज्यों में उनका संगठन नाममात्र का है और कांग्रेस वहां प्रभावी भूमिका में है, कांग्रेस सिर्फ वहीं तक सीमित रहे। यदि विपक्षी दलों की यह दलील कांग्रेस को स्वीकार होती तो कर्नाटक में भी देवेगौड़ा की पार्टी जनता दल से समझौता करती। क्योंकि कांग्रेस ने करीब दो दशक बाद सत्ता में वापसी की है, इसलिए वह विपक्षी दलों की एकता के लिए अपनी कुर्बानी किसी भी हालत में नहीं देगी। यह भी निश्चित है कि क्षेत्रीय दलों के प्रभाव वाले राज्यों में कांग्रेस के प्रत्याशी खड़े होने से वोटों का बंटवारा होगा। इससे कहीं न कहीं फायदा भाजपा को मिल सकता है। ऐसे में वोटों के ध्रुवीकरण के कारण समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी जैसे क्षेत्रीय दलों की सत्ता की वापसी की उम्मीदों पर पानी फिरना तय है। मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य से यह भी स्पष्ट है कि क्षेत्रीय दल कितना ही प्रयास कर लें, कांग्रेस को साथ लिए बगैर भाजपा को हराने के उनके मंसूबे आसानी से पूरे नहीं होंगे।

# मधुमक्खी एक, फायदे अनेक

**मधुमक्खियां नर फूलों से परागण एकत्रित कर जब मादा फूल पर भ्रमण करती हैं तो उनके शरीर से चिपके परागकण फूल के मादा भाग के संपर्क में आकर परागण प्रक्रिया को पूरा करते हैं। इनसान के बेबुनियादी हस्तक्षेप के कारण आज मधुमक्खियों का अस्तित्व खतरे में पड़ता जा रहा है, जिससे इनकी बहुत सी प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। हाल के दशकों में मौसम परिवर्तन व कृषि में रसायनों तथा कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग के कारण मधुमक्खियों की आबादी विश्व स्तर पर कम होती जा रही है। मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने हेतु भारत सरकार द्वारा 'मीठी क्रांति' के नाम से एक पहल की गई जिसके अंतर्गत वर्ष 2021-23 तक 500 करोड़ रुपयों का प्रावधान किया गया**

पारिस्थितिकी तंत्र और कृषि क्षेत्र में मधुमक्खियों की भूमिका को नकार पाना नामुमकिन है। मधुमक्खियों के बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा था, 'यदि पृथ्वी से मधुमक्खियां विलुप्त हो जाएं तो मानव जाति मात्र चार वर्षों तक ही जीवित रह पाएगी।' मधुमक्खियों के महत्व तथा सतत विकास में इनके योगदान को रेखांकित करने के लिए सयुंक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2017 में प्रति वर्ष 20 मई को विश्व मधुमक्खी दिवस मनाए जाने की घोषणा की गई थी। 20 मई की तारीख इसलिए चुनी गई क्योंकि यह वो दिन था जिस दिन आधुनिक मधुमक्खी पालन के अग्रदूत एंटोन जानसा (1734-1773) का जन्म हुआ था। जानसा स्लोवेनिया में मधुमक्खी पालकों के एक परिवार से संबंध रखते थे। यह परिवार पारंपरिक तरीके से मधुमक्खियों का रखरखाव करता था। लेकिन जानसा द्वारा आधुनिक मौनपालन की विधि को अपनाया गया जिसके चलते उन्हें स्कूल में मौनपालन शिक्षक के पद पर नियुक्त किया गया था। वर्ष 2018 में पहला विश्व मधुमक्खी दिवस मनाया गया। वर्ष 2023 में इस दिवस को 'बी इंगेज्ड इन पॉलिनेटर-फ्रेंडली एग्रीकल्चर प्रोडक्शन' विषय के अंतर्गत मनाया जा रहा है। मधुमक्खियां परागणकर्ता के रूप में दुनिया के 35 प्रतिशत फसल उत्पादन को प्रभावित करती हैं तथा दुनिया भर की 87 प्रमुख खाद्य फसलों के उत्पादन में वृद्धि करती हैं। भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में मधुमक्खियों द्वारा की गई सेवाओं की कीमत प्रति वर्ष 15000 से 20000 करोड़ रुपए आंकी गई है। कृषि व बागवानी के क्षेत्र में किसानों की आर्थिकी सुदृढ़ करने में मधुमक्खियों का अहम योगदान रहता है। विश्व भर में मधुमक्खियों की लगभग 20000 प्रजातियां पाई जाती हैं।

मधुमक्खी पालन व्यवसाय से किसान अच्छी आय अर्जित कर रहा है। यह एक वैश्विक गतिविधि है, जिससे लाखों मधुमक्खी पालक अपनी आजीविका के लिए मधुमक्खियों पर निर्भर हैं। विश्व भर में लगभग 18.8 लाख मीट्रिक टन शहद का उत्पादन किया जाता है, जबकि भारत में 1.08 लाख मीट्रिक टन शहद उत्पादित किया जाता है। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) की एक रिपोर्ट के अनुसार 2020-21 में भारत से 61333 मीट्रिक टन शहद निर्यात किया गया जिसकी कुल कीमत 1489.81 करोड़ रुपए थी। औषधीय गुणों से भरपूर शहद का आयुर्वेद में विशिष्ट स्थान रहा है। इसे लगभग 600 प्रकार की बीमारियों के इलाज के लिए इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन विडंबना यह है कि आयुर्वेद के जनक भारत देश में प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष मात्र 50 ग्राम शहद का उपभोग किया जाता है, जबकि विश्व में यह 250 से 300 ग्राम है। सबसे अधिक जर्मनी में यह प्रति व्यक्ति 2 किलोग्राम प्रति वर्ष है। मधुमक्खी से हमें शहद के अलावा अन्य पदार्थ भी प्राप्त होते हैं, जिसमें रॉयल जैली, पोलन, मोम, प्रोपोलिस व जहर शामिल हैं। मधुमक्खी के विष को औषधि के रूप में इस्तेमाल किया जाता है जिसकी कीमत बाजार में एक करोड़ रुपए प्रति किलोग्राम है। गठिया, कैंसर, पार्किंसन, अल्जेमर आदि रोगों के उपचार हेतु इसे प्रभावशाली माना गया है। रॉयल जैली, प्रोपोलिस और मोम का उपयोग सौंदर्य प्रसाधन व औषधि उद्योग में किया जाता है। इन उत्पादों के अतिरिक्त मौन पालक मक्खियों को प्रजनन के माध्यम से नई रानी तैयार करके अथवा मौन वंशों को विभाजित कर अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं। हिमाचल के सेब बहुल क्षेत्रों में फूलों के खिलने के समय परागण के उद्देश्य से मधुमक्खियों के डिब्बों को बागीचे में रखा जाता है। मौन पालक इन डिब्बों को किराए पर देते हैं, जिससे बागीचों की फल उत्पादकता में बढ़ोतरी होती है। मधुमक्खियां नर फूलों से परागण एकत्रित कर जब मादा फूल पर भ्रमण करती हैं तो उनके शरीर से चिपके परागकण फूल के मादा भाग के संपर्क में आकर परागण प्रक्रिया को पूरा करते हैं। इनसान के बेबुनियादी हस्तक्षेप के कारण आज मधुमक्खियों का अस्तित्व खतरे में पड़ता जा रहा है, जिससे इनकी बहुत सी प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। हाल के दशकों में मौसम परिवर्तन व कृषि में रसायनों तथा कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग के कारण मधुमक्खियों की आबादी विश्व स्तर पर कम होती जा रही है। मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने हेतु भारत सरकार द्वारा 'मीठी क्रांति' के नाम से एक पहल की गई जिसके अंतर्गत वर्ष 2021-23 तक 500 करोड़ रुपयों का प्रावधान किया गया। उधर, हिमाचल सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों को इस व्यवसाय के प्रति प्रोत्साहित करने हेतु मुख्यमंत्री मधु विकास योजना चलाई जा रही है।

## वर्ग पहेली 5013



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1932 को यह देश यूनाईटेड किंगडम से स्वतंत्र हुआ (3)
5. किसी देवता या बड़े से मांगा हुआ मनोरथ, दूल्हा (2)
7. कदाचित, संभव है कि (3)
8. नख की रेखा यह कहलाती है (4)
10. यह भारत में उच्च न्यायाल की मुख्यान्यायाधीश बनने बनने वाली पहली महिला थीं (4)
11. फन, हुनर, आर्ट (2)
13. नाके से अपने आप रक्त बहने वाला एक रोग (4)
15. झंकृत होना, मधुर शब्द का धीरे-धीरे ध्वनि उत्पन्न करना (4)
17. क्रिकेट से संबंधित एक शब्द (2)
18. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
19. दक्षिणी अमेरिका के उत्तरी-पूर्वी तट पर स्थित देश जिसकी राजधानी जार्जटाउन है (3)
22. शिक्षा, नसीहत, सीख (3)
23. कल सिखलाने वाला व्यक्ति (2)
24. जिसकी सभी सतह समान हो (4)
25. दुर्व्यसन, बुरी आदत (2)

**ऊपर से नीचे**

1. आंखों से संकेत करना (6)
2. सलाह, मशवरा, सम्मति (2)
3. केला, कदरी का अपभ्रंश (3)
4. मुगल सम्राट अकबर का एक दरबारी रत्न जिसका मूल नाम रामतनु पाण्डेय था (4)
5. पुराणानुसार देवताओं का एक गण जिसके अंतर्गत आठ देवता माने जाते है (2)
6. कुछ लाल सुर्खी लिए हुए (4)
9. जिद करना, दुराग्रह करना (5)
12. भर्त्सना, धिक्कार, खिड़की (3)
14. दृश्य (अंग्रेजी) (2)
16. दस हजार हाथियों के बराबर बल होने के कारण पांडु पुत्र भीम का एक नाम (4)
20. हिमालय में पाया जाने वाला जंगली बैल (2)
21. यह लेबनान की राजधानी है (3)
22. सत्यतापूर्ण धर्म, यथार्थ, सच्चाई (2)
23. फूल, सुमन, पुष्प (उर्दू)(2)

### वर्ग पहेली 5012 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्या | मा | प्र | सा | द | मु | ख | र्जी |
| मा | ल | वा | | ला | | र | |
| च | | हि | मा | ल | य | | च |
| र | ज | त | | | क | रि | श्मा |
| ण | | | सी | क | र | | |
| शु | क | दे | व | | की | क | र |
| क्ल | र्क | | न | वा | ब | | की |
| | | हां | | म | | स | ब |

# छोटा परदा

शनिवार, दिनांक 20 मई-2023

**StarPlus:** 11:00 अनुपमा, 12:30 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 2:00 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 3:30 साथ निभाना साथिया, 3:30 साथ निभाना साथिया, 4:00 साथ निभाना साथिया, 5:00 साथ निभाना साथिया, 5:30 चीकू की



मम्मी दूर की, 6:30 गुम है किसी के प्यार में, 8:00 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 10:00 अनुपमा

**SONY:** 11:00 बेस्ट ऑफ कपिल शर्मा शो, 12:30 बेस्ट ऑफ कपिल शर्मा शो, 2:00 बेस्ट ऑफ कपिल शर्मा शो, 3:30 सुपर डांसर-चेप्टर-4, 4:00 सुपर डांसर-चेप्टर-4, 5:00 सुपर डांसर-चेप्टर-4, 6:30 सुपर डांसर-चेप्टर-4,



7:00 सुपर डांसर-चेप्टर-4, 7:30 सुपर डांसर-चेप्टर-4, 8:00 सुपर डांसर-चेप्टर-4, 9:30 द कपिल शर्मा शो, 11:00 द कपिल शर्मा शो

**ZEE TV:** 11:00 कुंडली भाग्य, 12:00 कुंडली भाग्य, 2:30 मीता, 3:00 पवित्र रिश्ता, 4:00 पवित्र रिश्ता, 4:30 पवित्र रिश्ता, 5:00 पवित्र रिश्ता, 6:00 पवित्र रिश्ता, 7:00 भाग्य लक्ष्मी, 7:30 कुंडली भाग्य, 10:00 जी कॉमेडी शो, 11:00 जी कॉमेडी शो

**colors:** 11:00 खतरों के खिलाड़ी, 11:30 विद्या, 12:00 खतरों के खिलाड़ी, 12:30 खतरों के खिलाड़ी, 1:00 खतरों के खिलाड़ी, 1:30 खतरों के खिलाड़ी, 2:00 खतरों के खिलाड़ी, 2:30 खतरों के खिलाड़ी, 3:00 खतरों के खिलाड़ी, 3:30 खतरों के खिलाड़ी, 4:00 खतरों के खिलाड़ी, 5:00 उडारियां,



8:00 डांस दीवाने, 10:00 डांस दीवाने, 10:30 डांस दीवाने, 11:00 डांस दीवाने

**SONY SAB:** 11:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 11:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 12:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 12:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 1:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 1:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 2:00



तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 2:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 3:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 3:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 4:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 4:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 5:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 5:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 6:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 6:30 डांस दीवाने, 7:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 7:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 8:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 8:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 9:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 9:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 10:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 11:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा

**DD NATIONAL:** 10:00 एक नई सुबह, 1:00





श्रीगणेश, 5:00 नर्गिस, 5:30 इतिहास, 6:00 मुझे मेरी कॉम बनना है, 6:30 कोप्पा, 7:00 एक नई सुबह, 7:30 केरियार प्रभा, 8:00 फाईट फाईट डेली, 8:30 रग-रग में गंगा, 9:00 सौ करोड़ का कवि, 10:00 शिलांग हॉलीडे, 10:30 गोलमाल अस्पताल, 11:00 अजनबी

**ZEE CINEMA:** 8:00 हिंदी फीचर फिल्म, 11:00 हिंदी फीचर फिल्म, 2:00 हिंदी फीचर फिल्म, 5:00 हिंदी फीचर फिल्म, 8:00 हिंदी फीचर फिल्म

**Movies OK:** 8:00 हिंदी फीचर फिल्म, 11:00 हिंदी फीचर फिल्म, 5:00 हिंदी फीचर फिल्म, 8:00 हिंदी फीचर फिल्म, 11:00 हिंदी फीचर फिल्म

# आज का राशिफल

**मेष:** आपके अच्छे कार्यों से आपका और परिवार का गौरव बढ़ेगा। निर्णय लेने की क्षमता का लाभ मिलेगा।

**वृषभ:** आपको संतान पक्ष के श्रेष्ठ आचरण को देखकर हर्ष होगा। उनकी सफलता से मन प्रसन्न होगा।

**मिथुन:** यदि कोई मुकदमा या कोई अन्य पूछताछ चल रही है तो आज समय आपके लिए अनुकूल नहीं है।

**कर्क:** दिन आर्थिक रूप से संपन्नता बढ़ाने वाला होगा। आपकी प्रोन्नति रुकी हुई है तो आज हो सकती है।

**सिंह:** आज आप व्यापार में कुछ नए परिवर्तन होंगे। नौकरीपेशा हैं तो आपके अधिकार बढ़ेंगे।

**कन्या:** आज भाग्य साथ दे रहा है। आज आपके अधिकारों में वृद्धि के साथ साथ उत्तरदायित्व भी बढ़ेंगे।

**तुला:** दिन हर काम को काफी सोच विचार कर करने वाला है। वरना आपको नुकसान हो सकता है।

**वृश्चिक:** आज भाग्य साथ दे रहा है। आज आपको किसी बहुमूल्य वस्तु से लाभ होने की संभावना है।

**धनु:** आज के दिन आपको धन का निवेश न करने की सलाह है और जरूरी कार्य से पहले सलाह ले लें।

**मकर:** आपमें शारीरिक शक्ति एवं उत्साह भरपूर रहेगा। किन्तु ऐसे अनावश्यक खर्चे सामने आ सकते हैं।

**कुंभ:** दिन मिलाजुला रहेगा। धैर्य से काम लें जल्दबाजी में किये गये कार्य से हानि हो सकती है।

**मीन:** यदि आप किसी वित्तीय संस्था या व्यक्ति से ऋष्टा लेना चाहते हैं तो आसानी से मिल जाएगा।

## सुडोकू पहेली | क्रमांक- 5013

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | 1 | | | 6 | |
| 9 | | 6 | 5 | | 2 | | | 4 |
| | | | | | | 9 | 5 | |
| 3 | 2 | | | | | | 8 | |
| 1 | | | 7 | 5 | 9 | | | 2 |
| | 9 | | | | | | 1 | 5 |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| 6 | | | 4 | | 8 | 5 | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | | 9 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5012

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 4 | 8 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 7 | 2 | 4 | 1 | 9 | 8 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 |
| 7 | 4 | 8 | 1 | 3 | 6 | 2 | 5 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 5 | 8 | 9 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | 9 | 3 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 8 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 1 | 3 | 5 | 9 | 7 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 2 | 4 |

# मशाल रैली को आयुक्त और डीएम ने दिखाई हरी झंडी

⇨ खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की जगाई जा रही अलख




**बांदा, (संवाददाता)।** आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल आरपी सिंह और डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने शुक्रवार को खेलो इंडिया की मशाल यात्रा की रैली को जीआईसी ग्राउन्ड से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। खेलो इंडिया यूनीवर्सिटी गेम्स की अलख जगाने के लिए जनपद के जीआईसी ग्राउण्ड में पहुंचने पर इस मशाल रैली का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल आरपी सिंह ने कहा कि खेल एक ऐसी विधा है, जिससे कि तन व मन स्वस्थ्य रख सकते हैं एवं बेहतर खेल प्रदर्शन कर धन भी अर्जित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न खेलों के द्वारा खिलाडी राष्ट्रीय एवं अतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में विजय प्राप्त कर अपना नाम व सोहरत विश्व में भी प्रसिद्धि पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों को खेल में रूचि है, वह बढ-चढ कर हिस्सा लें। उन्होंने खेलों के लिए खिलाडियों को स्पोटर्स स्टेडियम में सुविधाओं को दिलाया जायेगा, जिससे कि जनपद के खिलाडी और आगे बढ कर अपना नाम रोशन कर सकें। उन्होंने खिलाडियों को आगे बढने की शुभकामना देते टीम लीडर को स्मृति चिन्ह भेंट किया। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने विभिन्न विद्यालयों से आए छात्रों, खिलाडियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेलो इंडिया कार्यक्रम के अन्तर्गत खेलो इंडिया यूनीवर्सिटी गेम्स-2022 के द्वारा 25 मई से 03 जून तक प्रदेश के चार जिलों में खेलों के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। खेलो इंडिया की इस रैली के माध्यम से जनपद के खिलाड़ियों एवं लोंगो को खेलों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लोंगो महिला-पुरूष के लिए फिजिकल हेल्थ व फिटनेश रखने के लिए खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेलों में सफलता प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करते हुए निरन्तर लगे रहें, उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। यह रैली खिलाडियों को जागरूक एवं उनमें उत्साह पैदा करने के लिए जनपद के विभिन्न स्थानों जीआईसी ग्राउण्ड, जिला अस्पताल, महाराणा प्रताप चौराहा, बिजली खेडा, कालूकुआं, बस स्टैण्ड होते हुए जीआईसी ग्राउण्ड पर समाप्त हुई। इस रैली में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ खिलाडी, शिक्षक एवं गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। इस खेलो इंडिया रैली में जनपद के विभिन्न विद्यालयों जीजीआईसी, आदर्श बजरंग इण्टर कालेज, सेंट जार्ज, ओमर वैश्य, हार्पर क्लब शूटिंग रेंज, भागवत प्रसाद बालीवॉल एकेडमी, डिस्ट्रिक फुटबाल एसोशिएसन के खिलाडी एवं छात्र-छात्राओं ने बडी संख्या में उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में पद्म श्री पुरस्कार प्राप्त उमाशंकर पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी उमाकान्त त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, नगर मजिस्टेऊट राजेश कुमार सहित रजत वर्मा डिप्टी कलेक्टर/प्रभारी क्रीडा अधिकारी, रामेन्द्र शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सड़क हादसों में पांच लोग घायल

**बांदा, (संवाददाता)।** अलग-अलग हुए सड़क हादसों में पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पैलानी थाना क्षेत्र के सांड़ी अमान डेरा निवासी केवट बच्चन (36) पुत्र रामनाथ शुक्रवार की दोपहर अपनी पत्नी गायत्री (32) और पड़ोस की महिला नीलम (35) पत्नी रामराज निवासी सांड़ी को डिघवट गांव से बाइक में बैठाकर अपने गांव जा रहा था। तभी खप्टिहा के पास बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रही कार से टकरा गई। इससे तीनो लोग घायल हो गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# रेलवे स्टेशन में चलाया गया भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान

⇨ स्ट्रीट चिल्ड्रेन एवं बाल भिक्षावृति रोकने, पुर्नवास के लिए हो रही मशक्कत




**बांदा, (संवाददाता)।** शुक्रवार को जनपद के चिन्हित हाट स्पाट पर जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में विभिन्न क्षेत्रों में सड़क पर जीवन यापन करने वाले बच्चों व बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान चलाया गया। अभियान में रेलवे स्टेशन एवम होटल आदि जगहों पर स्थित बाल भिक्षा वृत्ति में लिप्त बच्चों के चिन्हीकरण एवं पुनर्वास के लिए मुख्य हाट स्पाट चिन्हित किए गए तथा यात्रियों दुकानदारों को जागरूक किया गया। अभियान में सरंक्षण अधिकारी राजीव सिंह के द्वारा बताया गया कि बच्चे इस देश की धरोहर हैं और देश के भविष्य हैं। इसलिए बच्चों की पढ़ाई, खेल, खानपान के प्रति संबंधित वयस्क को विशेष ध्यान देना चाहिए, भिक्षावृत्ती में लिप्त नहीं करना चाहिए क्योंकि भिक्षावृत्ती किसी भी समाज के लिए व बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिशाप है। इसी क्रम में विशेष किशोर पुलिस इकाई के अखिलेश प्रताप सिंह द्वारा रेलवे स्टेशन पर बेन्डर्स से बात-चीत की गई। बेन्डर्स द्वारा बताया गया कोई भी बच्चें यहां बाल मजदूरी नही करते है। संरक्षण अधिकारी द्वारा सभी यात्रियों, दुकानदारों एवं व्यवसायियों से अपील कि 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों व किशोरों को भिक्षावृत्ति में लिप्त पाए या भीख मांगते हुए देखे तो तुरंत चाइल्डलाइन टोल फ्री नम्बर 1098, 181, 1090, 112, 139, पर सूचित करें। महिला शक्ति केंद्र की जिला समन्वक ने बताया कि शासन स्तर से द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही जिसमे ऐसे बच्चे व गरीब परिवार जिनको मदद की जरूरत है, वो जिला प्रोबेशन कार्यालय में आकर संपर्क करें, उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा। अभियान में रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी, एएचटीयू के पुलिस अधिकारी पुरुष व महिला कांस्टेबल, श्रम विभाग के प्रतिनिधि, महिला शक्ति केंद्र की जिला समन्वयक कामिनी सिंह दीपमाला सिंह, वन स्टाप सेंटर की रमा साहू उपस्थित रहीं।

# पति की लंबी आयु के लिए सुहागिनों ने रखा वट सावित्री का व्रत

लाल जोड़े और सोलह श्रंगार कर महिलाओं ने लगाई वट वृक्ष की परिक्रमा



**बांदा, (संवाददाता)।** शुक्रवार को सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु की कामना के साथ वट सावित्री का व्रत रखा और बरगद के वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना कर परिक्रमा लगाई। सुबह से ही शहर के सभी वट वृक्षों के नीचे लाल जोड़े में सोलह श्रंगार से सजी सुहागिन महिलाओं की भारी भीड़ लगी रही। वट सावित्री का व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या को होता है। महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए इस व्रत को विधिविधान से करती हैं और वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर फेरी लगाती हैं। हिंदू धर्म में वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु, महेश का वास माना जाता है। वट वृक्ष को शिव के समान माना जाता है। यही कारण है कि अनेक व्रत-त्यौहारों में वटवृक्ष की पूजा हो है। गुरुवार को अमावस्या सुबह 9 बजकर 42 मिनट पर प्रारंभ होकर शुक्रवार की रात 09 बजकर 22 मिनट पर समाप्त हुई। इस दिन पूजन का शुभ मुहूर्त सुबह 05 बजकर 21 मिनट से पूरे दिन रहेगा। गर्मी के मौसम को देखते हुए शुक्रवार को सुबह 4 बजे से शहर के सभी बरगद के वृक्षों के नीचे लाल जोड़ा और सोलह श्रंगार से सजी सुहागिन महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिली। पौ फटने के बाद भीड़ और भी ज्यादा बढ़ गई। महिलाओं को भीड़ के कारण देर तक अपनी बारी का इंतजार भी करना पड़ा।

# जिला पंचायत सदस्य ने सड़क के पुर्निमार्ण के लिए डीएम को लिखा पत्र

⇨ कई वर्षों से ग्रामीण कर रहे रास्ता दुरुस्त कराने की मांग



**मानिकपुर, चित्रकूट ब्यूरो।** मानिकपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत झरी-कल्याणकेन्द्र बाईपास सड़क के पुर्निर्माण कराने की मांग क्षेत्रवासियों ने की है। ग्रामीणों ने बताया कि इस नगर पंचायत के आठ वार्ड और करीब दो दर्जन ग्राम पंचायतों तक भारी वाहनो के आवागमन के लिए एक मात्र मार्ग ही है। जिला पंचायत सदस्य शिवऔतार त्रिपाठी ने नगर और क्षेत्र की जनता की तरफसे झरी कल्याणकेन्द्र (मानिकपुर) को जोड़ने वाली सड़क को दुरस्त कराने और आरईएस विभाग से लोक निर्माण विभाग में ट्रांसफर करने की माँग जिला प्रशासन से की है। उन्होंने बताया कि मानिकपुर नगर में कुल 12 वार्ड है। नगर के मध्य से मुम्बई हावड़ा रेल लाइन के चलते छोटे वाहन पुल से निकल पाते है। बड़े वाहन जैसे ट्रक, बस, एम्बुलेंस, फायर सर्विस की गाड़ियां झरी-कल्याणकेन्द्र बाईपास से ही होकर गुजरती है। तीन दशक पूर्व इस मार्ग का डामरीकरण, बुन्देलखण्ड विकास निधि के तहत कराया गया था। इसके बाद से आज तक दोबारा सड़क की मरम्मत न होने से सड़क पूरी तरह से गड्ढो में तब्दील हो गयी है। जबकि नगर पंचायत के आठ वार्डो और क्षेत्र के चुरेहकशेरुवा, दराई, सुखरामपुर, हरिजनपुर, गुरौला, ऐलहा-बढैया, महुवापुर, केकरामार, ऊँचाडीह, मऊ गुरदरी, चमरौहा, सकरौहा, रानीपुर, गिदुरहा, कुबरी, कोटा कदैला, खिचरी, उमरी, निही, बगदरी, हेला, शेखापुर, रामपुर, लक्ष्मणपुर, कल्यानपुर आदि ग्राम पंचायतों तक आने-जाने के लिए एक मात्र सड़क होने के बाद भी लंबे समय से चल रही लोगों की माँग आज तक पूरी नही हुई है।

## फेसबुक पर भड़काऊ बयान प्रसारित करने पर रिपोर्ट दर्ज

**नरैनी, (संवाददाता)।** फेसबुक पर भड़काऊ बयान प्रसारित कर विधायक को अपमानित करने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोपी के विरुद्ध आईटी एक्ट और आईपीसी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। कस्बा के जवाहर नगर मुहल्ला निवासी उमेश तिवारी बीते कुछ दिनों से सांकेतिक और क्षेत्रीय भाषा में फेशबुक पर आपत्ति जनक टिप्पणियां लिखकर प्रसारित कर रहा था।जिसपर लोग कमेंट भी कर रहे थे।मामला पुलिस की जानकारी में आया तो इसकी फेशबुक खंगाली।इसके द्वारा लिखा गया है कमल यत्ती तेजी से निकल गा कि अयब पूरे बाँदा जिले से गायब हुयी जा जल्दी पूरे भारत से बढ़ा जड़ समझे जमचू।विनोद बड़ी भउजी खासा दिमाग आय लगाओ हइस देवर थानेदार जाके ड्यूटी करि देवरानी न तौ जादा पढ़े काने से कहत है सुनाई नही परे तौ नेनु तौ बडिन भउजी मसकी।इसी प्रकार के कई आपत्ति जनक कमेंट उमेश तिवारी की फेश बुक वाल पर देखे और पढ़े गए हैं।

# जनपद में निर्बाध रूप से कराएं विद्युत आपूर्ति : डीएम

⇨ बैठक में दिए निर्देश



**चित्रकूट ब्यूरो।** ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में स्वीकृत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा एवं क्रियान्वयन के लिए डिस्ट्रिक्ट इलेक्ट्रिसिटी कमेटी की बैठक शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत बृजेश कुमार से कहा कि शहर में विद्युत व्यवस्था की काफी समस्याएं प्राप्त हो रही है। गर्मी को देखते हुए विद्युत व्यवस्था निर्बाध रूप से संचालित कराएं तथा जो संविदा कर्मचारी लगाए गए हैं, उनको सख्त निर्देश दें। ठेकेदार मैन पावर बढ़ाकर जहां पर विद्युत की समस्या है, उसे ठीक कराएं। किसी भी दशा में जनपद में विद्युत की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्य के ठेकेदार से कहा कि शहर में जहां पर विद्युत में अधिक लोड है, वहां पर केबल का कार्य पहले कराएं। अधिशासी अभियंताओं से कहा कि अभियान चलाकर लक्ष्य के सापेक्ष विद्युत बिल की वसूली कराएं। अधिशासी अभियंता विद्युत राजापुर को निर्देश दिए कि माह के लक्ष्य के सापेक्ष वसूली बहुत कम है, इस माह में प्रगति करे। विद्युत संयोजन में भी प्रगति कम है, इसको भी बढ़ाया जाए। कहा कि अवैध विद्युत-कटिया धारको, विद्युत चोरी के खिलाफ भी अभियान चलाकर कार्रवाई सुनिश्चित करें। अधीक्षण अभियंता विद्युत से कहा कि जिन उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे गए थे और जांच में यह कनेक्शन चालू पाए गए हैं, ऐसे मामलों में उपखंड अधिकारी विद्युत तथा अवर अभियंताओं की जिम्मेदारी तय करें। अभियान के दौरान जिन लोगों के विद्युत कनेक्शन काटे जाए, उनका कनेक्शन तब तक न जोड़े जब तक वह अपना बिल न जमा कर दें। अगर जांच कराई गई और विद्युत संयोजन मौके पर पाया गया तो विभागीय अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि शहर के जिस क्षेत्र में विद्युत का अधिक लोड है, वहां पर अभियान चलाकर अवैध विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ में विजिलेंस टीम को भी रखकर कार्रवाई करें। उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत से कहा कि जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत जो कार्य चल रहे हैं, उसमें विद्युत संयोजन किया जाना है तो उसको तत्काल कराया जाए।

# दो ट्रकों में हुई भिड़ंत, दोनो चालक गंभीर जख्मी

⇨ करीब पांच घंटे तक लगा रहा जाम




**बांदा, (संवाददाता)।** दो ट्रकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें दोनो ट्रकों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मुख्य मार्ग पर जाम लग गया। जाम करीब पांच घंटे तक लगा रहा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो चालकों को ट्रकों से बाहर निकालकर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने क्रेन बुलवाकर दोनो ट्रकों को रास्ते से हटवाया तब जाकर कहीं जाम खुल सका। तिंदवारी थाना क्षेत्र के छापर गांव निवासी पंकज यादव (35) पुत्र रामखेलावन यादव शुक्रवार की भोर ट्रक में बालू लेकर जा रहा था। तभी पुष्पेंद्र (28) पुत्र मान सिंह निवासी सुजानपुर ललौली फतेहपुर ईटा लेकर आ रहा था। औगासी रोड बेसड़ाखेर के पास दोनो ट्रकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई, इससे दोनो ट्रकों के चालक स्टेयरिंग में फंस गए। हादसे के बाद मुख्य मार्ग पर जाम लग गया। जाम करीब पांच घंटे तक लगा रहा। वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक में फंसे दोनो चालकों को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत नाजुक होने पर डाक्टरों ने दोनो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने क्रेन के माध्यम से करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनो ट्रकों को हटवाया, तब जाकर जाम खुल सका। ग्रामीणों का कहना है कि ओवरलोड ट्रकों की धमाचौकड़ी रहती है। आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। ग्रामीणों को आने-जाने में काफी दिकतों का सामना करना पड़ता हैं ग्रामीणों ने जिला प्रशासन ने नो इंट्री लगाए जाने की मांग की है।

## वाहन की टक्कर से टेंपो पलटा, पांच लोग जख्मी

**जसपुरा, (संवाददाता)।** अज्ञात वाहन की टक्कर से सवारियों से भरा टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को बाहर निकालकर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जसपुरा कस्बे से टेंपो में बैठकर चित्रकूट जा रहे थे। पैलानी डेरा के पास बांदा की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने सामने से टेंपो में टक्कर मार दी।

# प्रेक्षागृह में आयोजित होगी वृहद गोष्ठी

जल अभियान गोष्ठी की तैयारियों पर डीएम ने दिए निर्देश

**बांदा, (संवाददाता)।** आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल आरपी सिंह की अध्यक्षता में अविरल जल अभियान गोष्ठी को सफल बनाने के सम्बन्ध में की गयी तैयारियों की समीक्षा हेतु मयूर भवन सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इस अभियान को सफल बनाने के लिए एक बृहद गोष्ठी का आयोजन रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के प्रेक्षागृह में 24 मई को किया जायेगा। बैठक में बताया गया कि इस अभियान का उद्देश्य जन जागरूकता एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं तथा सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों को कराना है। बैठक में आयुक्त ने अविरल जल अभियान की बृहद गोष्ठी के आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में भूजल संरक्षण के लिए किये जाने वाले उपायों जैसे तालाबों का जीर्णोद्धार, अमृत सरोवरों का निर्माण, मेडबन्दी, सोकपिट, खेत तालाब योजना के द्वारा किये जाने वाले कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए, उनके प्रजन्टेशन को देखा। बैठक में कम जल के प्रयोग से 'पर ड्राप मोर क्राप' के माध्यम से श्रीअन्न की खेती के अन्तर्गत ज्वार बाजरे की खेती करने और उनके उत्पादन को बढ़ाये जाने पर जोर दिया गया। लोबिया, सहजन की खेत तथा वृक्षारोपड़ (बांस की खेती) आदि के सम्बन्ध में किसानों को जागरूक किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि जल संचयन के लिए विद्यालयों में जल शपथ का आयोजन कराया जाये। रेन वाटर हार्वेस्टिंग से भूगर्भ जल संरक्षण करने के बारे में भी जानकारी दी गई। बैठक में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि अविरल जल अभियान के अन्तर्गत 'बांदा की हर बूंद बांदा के नाम' कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के संबंध में आयोजित होने वाली इस बृहद गोष्ठी में सामुदायिक सहभागिता के लिए जनप्रतिनिधिगण, ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधानों, एवं अन्य गणमान्य लोगों द्वारा भी प्रतिभाग किया जायेगा।

# हरी नाम का सुमिरन ही जीवन की नैया पार लगाएगा :अनुज

⇨ नौ दिवसीय श्रीराम कथा का छठवां दिन



**चित्रकूट ब्यूरो।** सदर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिहारा में पेरा तीर हनुमान मंदिर प्रांगण के रामेश्वर भोलेनाथ मंदिर में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा के छठवे दिन कथा व्यास अनुज शास्त्री ने भगवान के विवाह उत्सव की पावन कथा का बखान किया। जिसे सुनकर सभी श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। कथा का वर्णन करते हुए आचार्य अनुज शास्त्री ने बताया कि भक्ति के बिना भगवान भी अधूरे रहते हैं। अहंकार भगवान का भोजन होता है। जीवन में किसी भी प्रकार का मद पाल के नहीं बैठना चाहिए। जीवन में अभिमान किसी बात का नहीं होना चाहिए पर व्यक्ति के लिए स्वाभिमान की आवश्यकता है। हर व्यक्ति को स्वाभिमानी होना चाहिए। हर समय हरी नाम सुमिरन करो यही जीवन की नैया को पार कर सकते हैं। कहा कि जो व्यक्ति प्रथम दिवस कथा में आता है तो कथा के समापन दिवस तक उसके सभी प्रश्नों के उत्तर कथा से ही प्राप्त हो जाते है। श्रीराम कथा का श्रवण करें और हर क्षण प्रभु की भक्ति करें भगवान का भजन करें। भगवान श्रीराम जीव मात्र के कल्याण के लिए अपने आचरण का जो समन्वय प्रस्तुत करते हैं, उसे अपने जीवन में धारण करें। श्रीराम कथा सुनने मात्र से कुछ नहीं होने वाला है। श्रीराम कथा सुने ही न अपितु उसे धारण भी करें। श्रीराम कथा सुनते-सुनते आपके जीवन में परिवर्तन का आना तय है। वह परिवर्तन यह है कि आपका भी आचरण भगवान श्रीराम के आचरण के अनुसार होना प्रारंभ हो जाएगा। कथा में भगवान का विवाह उत्सव बहुत धूमधाम के साथ मनाया गया, गाजे बाजे के साथ भगवान की झांकी और बारात भी निकाली गई। इस मौके पर कथा के आयोजक भोलेराम शुक्ल, बृजेंद्र शास्त्री, शारदा प्रसाद द्विवेदी, जगदीश प्रसाद मिश्रा, मुन्ना त्रिपाठी, हिमांशु शुक्ला, अजय पयासी, शिवम शुक्ला, द्वारिका प्रसाद द्विवेदी, संतोष कुमार मिश्रा, सुनील कुमार शुक्ला, विकास कुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## बहुत सत्कर्मों से प्राप्त होता है मनुष्य जीवनः नवलेश दीक्षित

**चित्रकूट ब्यूरो।** भागवत कथा के विश्राम दिवस पर आचार्य नवलेश दीक्षित ने बताया कि मनुष्य जीवन बडे ही सत्कर्मो से प्राप्त होता है जो कि साधनो धाम का मोक्ष द्वार कहा गया है। जिसे पाकर जीव का जीवन संवरता है, लेकिन ऐसे देव दुर्लभ मनुष्य शरीर को प्राप्त कर मनुष्यता को शर्मसार कर रहे हैं। इस घनघोर कलिकाल में भी हरि स्मरण, सुमिरन, सत्संग से जीव अपने बंधनों से मुक्त हो सकता है। यह बात भागवत कथा के विश्राम दिवस पर मुख्यालय के एसडीएम कालोनी स्थित केशरवानी आवास में भागवताचार्य नवलेश दीक्षित ने कही। उन्होंने बताया कि इस संसार में कोई सुगम साधन नहीं जिसके आगे बड़े-बड़े यज्ञ भी बौने पड़ जाते हैं।

# जनचौपाल लगाकर अधिकारियों ने सुनीं समस्याएं



**रामनगर, चित्रकूट ब्यूरो।** ब्लाक मुख्यालय रामनगर के लौरी और खजुरिहा खुर्द ग्रामपंचायत में शुक्रवार को जनचौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बीडीओ रामनगर सुनील सिंह पटेल व एबीएसए रामनगर एनपी सिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। जनचौपाल में पेयजल, नाली, खडण्जा, सफाई, आवास, पेंशन जैसे प्रमुख कार्यो का सत्यापन किया गया। लौरी ग्राम पंचायत में 114 मुख्यमंत्री आवास तथा 59 प्रधानमंत्री आवास पात्र ग्रामीणों को मिले हैं। जिसमें मुख्यमंत्री आवास में अट्ठासी पूर्ण हो चुके हैं और प्रधानमंत्री में 14 पूर्ण हो चुके है तथा शेष आवासों पर कार्य जारी है। ग्राम पंचायत में 176 वृद्धा पेंशन, 20 दिव्यांग पेंशन, 38 निराश्रित पेंशन धारक पेंशन का लाभ उठा रहे हैं। ग्राम पंचायत में 18 स्वयं सहायता समूह संचालित है। ग्राम पंचायत में ऐनम सेंटर तो है, लेकिन सेंटर न खुलने के कारण ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। ग्रामीणो ने सेन्टर खोलवाने की मांग की है। हनुमानगंज में आंगनबाड़ी न होने के कारण गर्भवती महिलाओं को तथा नौनिहालों को पोषाहार से वंचित होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने हनुमानगंज में आंगनवाड़ी केंद्र बनाकर आंगनवाड़ी कर्मी की तैनाती की मांग की ग्रामीण ऋपाल पुत्र जागेश्वर ने राशनकार्ड में परिवार के सदस्यों का नाम काट कर कम राशन देने का आरोप लगाया, नारायण प्रसाद ने राशन कार्ड में परिवार के सदस्यों का नाम जुड़वाने की गुहार लगाई है। इस मौके पर प्रधान पुष्पालता सिंह, एडीओ पंचायत देवेन्द्र सिंह, सचिव आशीष सिंह, प्रधान प्रतिनिधि अरूण सिंह, मुन्ना, अखिलेश कुमार, पंचायत मित्र सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# अब घर-घर जाकर कर्मचारी किसानों को करेंगे चिन्हित

⇨ पीएम किसान सम्मान निधि का किसानों को मिलेगा लाभ ⇨ गांव-गांव कैंप लगाकर किया जाएगा किसानों का चिन्हीकरण

**बांदा, (संवाददाता)।** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि पात्र होने के बावजूद पीएम किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों को योजना का लाभ दिलाने के लिये अब गांव-गांव कैम्प लगाये जायेंगे और घर-घर जाकर कर्मचारी अब पात्र किसानों को चिन्हित करेंगे।

22 मई से शुरू होने वाले इस संतृसीकरण अभियान में जो खुली बैठकें आयोजित होंगी उनमें ग्राम प्रधान के अलावा पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, लेखपाल, कृषि विभाग के कर्मचारी, पोस्ट आफिस के कर्मचारी तथा मोबाइल जनसुविधा केन्द्र की भी व्यवस्था रहेगी। इस अभियान में योजना के चार प्रकार के लाभार्थियों को ग्राम प्रधान के सहयोग से चिन्हित किया जायेगा। प्रथम श्रेणी में अभी तक आवेदन न करने वाले किसानों को चिन्हित कर उनका मौके पर ही आवेदन कराया जायेगा। दूसरी श्रेणी में जिन किसानों ने आवेदन कर दिया हैं, किन्तु उनका प्रकरण लम्बित है, उनका मौके पर ही सत्यापन कर उनसे घोषणा पत्र प्राप्त करते हुये कार्यवाही को पूर्ण कर डाटा राज्य स्तर पर अग्रसारित किया जायेगा। तीसरी श्रेणी में जिन किसानों का भूलेख अंकन न होने के कारण उनकी किश्तें रूकी हुई है, उनका सत्यापन लेखपाल द्वारा मौके पर ही किया जायेगा। चौथी श्रेणी में जिन किसानों की समस्त औपचारिकताएं पूर्ण है, किन्तु उनका बैंक खाता उनके आधार से लिंक न होने के कारण उनकी किश्त रूकी हुई है, ऐसे किसानों के लिये डाकघर के कर्मचारी 100 रूपए प्राप्त करके मौके पर ही आधार से लिंक नया बैंक खाता खोलेंगे, जिससे उनकी रुकी हुई किश्ते स्वतः उस खाते में प्राप्त होने लगेगी। ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया गया है कि वह गांवों में आयोजित होने वाली खुली बैठकों की तिथि व स्थान के सम्बनध में डिग्गी पिटवाकर व्यापक प्रचार करें और किसानों को अवगत करायें कि वह आधार कार्ड, खतौनी, बैंक एकाउन्ट की पासबुक लेकर खुली बैठक में उपस्थित हों, जिससे कि मौके पर ही उनकी समस्या का निस्तारण किया जा सके। ग्राम प्रधानों और किसानों से अपील है कि वह गांव-गांव आयोजित होने वाले इन शिविरों में अपना सहयोग प्रदान करें, जिससे कि प्रत्येक पात्र किसान को योजना से लाभान्वित किया जा सके।

## पोकलैंड मशीनों से हो रहा खनन, जानमाल की मिल रही धमकी



**नरैनी, (संवाददाता)।** किसान की भूमिधरी जमीन पर गांव के दबंग पोकलैंड मशीनें लगाकर मोरंग का अवैध खनन कर रहे हैं। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़ित किसान ने उपजिलाधिकारी से शिकायत कर कार्यवाही की गुहार लगाई है। क्षेत्र के बरसंडा मानपुर गांव में निजी भूमि का पट्टा संचालित है। गांव की महिला किसान उर्मिला पत्नी वृजराज ने दो दिन पहले एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि उसकी भूमिधरी जमीन गाटा संख्या 508 में 0.525 हेक्टेयर रकबा है जिस पर वो काबिज है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की मौत

**बांदा, (संवाददाता)।** बड़ी बेटी को ससुराल छोड़ने के बाद बाइक से गांव जा रहे वृद्ध और उसकी लड़की के मंगेतर को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी, जिससे वृद्ध की मौत हो गई। मंगेतर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के जरोहरा गांव निवासी कल्लू (60) पुत्र विश्वेश्वर अपनी छोटी बेटी सोनू के मंगेतर प्रेमबाबू (22) पुत्र चुनकावन निवासी परसितपुर बिसंडा के साथ अपनी बड़ी बेटी पिंकी को छोड़ने उसकी ससुराल मवई गांव आए थे। बेटी को छोड़ने के बाद दोनो लोग बाइक में बैठकर वापस गांव जा रहे थे, तभी हरदौली के पास मिट्टी लादकर आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे दोनो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।

# आनलाइन धोखाधड़ी के शिकार चार पीड़ितों का वापस कराया पैसा

साइबर सेल पुलिस ने आनलाइन धोखाधड़ी से बचने की दी सलाह



**चित्रकूट ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराध को रोकने व आमजनमानस को इससे राहत दिलाने के उद्देश्य के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह तथा उनकी टीम द्वारा साइबर अपराध के चार पीड़ितों के कुल 1,55,618 रूपये उनके खातों में वापस कराये गए। साइबर सेल के प्रभारी निरीक्षण विजय सिंह ने बताया कि कर्वी निवासी सरिता देवी ने 81,618 रुपये की धोखधड़ी, शिवरामपुर निवासी अंकित ने 30,000 रुपये की धोखधड़ी, कर्वी के खोही निवासी आशुतोष ने 20,000 रुपये की धोखाधड़ी व सीतापुर निवासी संतोष ने 24,000 रुपये की धोखाधड़ी की शिकायत की थी। इन शिकायतों के निस्तारण के क्रम में साइबर सेल इन चारों पीडितों को शत-प्रतिशत रुपये बरामद कराया गया है। इसके लिए पुलिस अधीक्षक ने साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह व उनकी टीम आरक्षी सर्वेश कुमार, हरिशचन्द्र अहिरवार, प्रशांत कुमार के द्वारा किये गए कार्य की प्रशंसा की गयी। उन्होंने आम जनमानस से अपील की कि गूगल पर किसी भी कंपनी का कस्टमर केयर नंबर ढंढ़ने में बेहद सावधानी बरते और अपनी व्यक्तिगत व बैंकिंग संबंधी जानकारी किसी के साथ भी साझा न करें। धोखाधड़ी का शिकार होने पर निकटतम पुलिस थाने या राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल फोन करके सूचित करें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक अमर जीत सिंह द्वारा मे0 हरिओम प्रिंटर्स, हरिहरगंज, फतेहपुर (उ0प्र0) से मुद्रित एवं हरिहरगंज, फतेहपुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। संपादक- अमर जीत सिंह, मो0- 9455231344, आर0एन0आई0पंजी0सं0- UPHIN/2014/60049

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद फतेहपुर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# योगी सरकार ने किसानों से खरीदा अब तक 1.97 लाख मीट्रिक टन गेहूं

⇨ 5,568 गेहूं क्रय केंद्रों के माध्यम से 46 हजार से अधिक किसानों से खरीदा गया गेहूं
⇨ न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद के माध्यम से किया गया 375.46 करोड़ का भुगतान



**लखनऊ, (संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश के अन्नदाता किसानों को राहत देने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने गेहूं खरीद की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने हाल ही में खाद्य एवं रसद विभाग के आला अधिकारियों के साथ बैठक में गेहूं की खरीद को लेकर समीक्षा बैठक की और इसकी समुचित व्यवस्था करते हुए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में सीएम ने कहा कि प्रदेश में 5 हजार 568 गेहूं क्रय केंद्रों के माध्यम से 46 हजार 425 किसानों से अब तक 1.97 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की गई इस खरीद के माध्यम से लगभग 375.46 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है।

**गेहूं खरीद के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश**

सीएम योगी ने किसानों के पंजीकरण एवं सत्यापन में प्रगति लाने के दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जनपदों में संचालित समस्त क्रय केंद्रों पर किसानों से गेहूं खरीद सुनिश्चित करायी जाए। जनपद स्तर पर पंचायती राज्य विभाग का सहयोग प्राप्त कर ग्राम पंचायत के माध्यम से गेहूं खरीद कराए जाने की कार्ययोजना तैयार की जाए।

ग्राम प्रधानों को क्रय लक्ष्य देते हुए उनका सहयोग प्राप्त कर गेंहू खरीद में तेजी लाई जाए। जिस ग्राम प्रधान द्वारा सबसे अधिक गेंहू सरकारी केंद्रों पर विक्रय किया गया हो, उनको सम्मानित किया जाए। मोबाइल क्रय केंद्रों के माध्यम से भी गेहूं की खरीद में प्रगति लाई जाए तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए।

## केंद्र सरकार भी जारी कर चुकी है आदेश

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में गेहूं खरीद पर प्रदेश सरकार का ही नहीं बल्कि केंद्र सरकार का भी विशेष ध्यान है। गेहूं खरीद में तेजी लाने के लिए केंद्र सरकार ने बीते 24 अप्रैल को आदेश जारी किया था, जिसमें कहा गया कि प्रदेश में पंचायतों और आढ़तियों के माध्यम से भी गेहूं खरीदा जाए। आरएमएस के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों और आढ़तियों के माध्यम से एफ.ए.क्यू. गेहूं खरीद पर अन्य समितियों की भांति उन्हें नियमानुसार 27 रुपए प्रति कुन्तल कमीशन देय होगा।

# तत्काल अपग्रेड होंगे ओवरलोड ट्रांसफार्मर

⇨ आमजन को राहत देने के लिए योगी सरकार का महत्वपूर्ण निर्णय
⇨ ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त न हों इसके लिए सभी डिस्कॉम को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश
⇨ क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों के परीक्षण में लापरवाही न बरतने की भी दी गई चेतावनी

**लखनऊ, (संवाददाता)।** भीषण गर्मी के चलते आमजन को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए योगी सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सरकार की ओर से सभी डिस्कॉम को ट्रांसफार्मर पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। ट्रांसफार्मर छतिग्रस्त न हों इसके लिये और सावधानियां बरतने तथा आवश्यक कदम उठाने के साथ ही यदि कहीं ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो तो वहां उसे तत्काल अपग्रेड करने के निर्देश दिए गए हैं।

**लापरवाही पर होगा सख्त एक्शन**

उ0प्र0 पावर कारपोरेशन अध्यक्ष एम देवराज ने वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग में सभी डिस्कॉम के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि ट्रांसफार्मर के उचित रखरखाव एवं मेंटीनेंस संबंधी निर्देश लगातार जारी किए जा रहे हैं। गर्मी शुरू होने से पूर्व ही वितरण में लगे निगम अधिकारियों को सचेत किया गया था, इसके बावजूद ट्रांसफार्मर जलने एवं छतिग्रस्त होने के समाचार प्राप्त हो रहे हैं। इसलिए ट्रांसफार्मर छतिग्रस्त न हों इसके लिए सभी सावधानियां बरती जाएं। उन्होंने कहा है कि ट्रांसफार्मर में आग लगने का एक बड़ा कारण ओवर लोडिंग होता है, अतः जहां ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो वहां तत्काल उन्हें अपग्रेड किया जाए। अध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों के परीक्षण में यदि कहीं किसी की व्यक्तिगत लापरवाही पाई गई तो उस व्यक्ति के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

**इस बार 15 प्रतिशत कम क्षतिग्रस्त हुए ट्रांसफार्मर**

ग्रीष्म ऋतु मे अनवरत विद्युत आपूर्ति में सबसे बड़ा व्यवधान ट्रांसफार्मर की क्षतिग्रस्तता के कारण होता है। प्रदेश में 90 ट्रांसफार्मर कार्यशालाएं इनकी मरम्मत का कार्य कर रही हैं। अध्यक्ष द्वारा प्रदेश में ट्रांसफार्मर की क्षतिग्रस्तता की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। सबसे अधिक क्षतिग्रस्तता वाले जनपदों पर विशेष कार्य किया जा रहा है, जिसका प्रदेश भर मे व्यापक प्रभाव भी दिखाई दे रहा है। पिछले वर्ष अप्रैल 2022 की तुलना में इस वर्ष ट्रांसफार्मर की क्षतिग्रस्तता में 15.14 प्रतिशत की कमी आई है।

# भीषण गर्मी में भी श्रद्धालुओं ने कामतानाथ में लगाई परिक्रमा

⇨ महिलाओं ने की बरगद की पूजा



**चित्रकूट, संवाददाता।** ज्येष्ठ मास की बरगदी अमावस्या पर भीषण गर्मी के बाद भी लाखों श्रद्धालुओं ने मन्दाकिनी नदी में डुबकी लगाकर भगवान कामतानाथ के दर्शन कर परिक्रमा की। मेले की व्यवस्था को यूपी-एमपी के अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था में जुटे रहे। बरगदी अमावस्या पर महिलाओं ने वटवृक्ष की पूजाकर फेरे लगाये।

शुक्रवार को बरगदी अमावस्या में श्रद्धालुओं का तांता सवेरे से रामघाट में उमड पडा। लाखों श्रद्धालुओं ने एक साथ डुबकी लगाकर कामतानाथ के दर्शन कर परिक्रमा लगाकर धर्मनगरी के जानकीकुण्ड, अनुसुइया आश्रम, हनुमानधारा, भरतकूप आदि के दर्शन किये। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने मेला स्थल व अन्य स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। खास तौर पर किसी भी स्थान पर पेयजल की कमी न होने के निर्देश दिये।

सूर्य की तपिश इस कदर रही कि धूप में निकलने की किसी की हिम्मत नहीं पड रही थी। श्रद्धालुओं को परेशानी तो हुई, लेकिन जैसे-जैसे सूर्यदेव का तापमान बढा तो गर्मी का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। रामघाट में श्रद्धालुओं की तादाद में कमी आने लगी। अमावस्या मेला एक बाद फिर से जाम के झाम से श्रद्धालुओं को परेशानी हुई। सबसे अधिक कर्वी-राजापुर मार्ग में समस्या का सामना करना पडा।

बरगदी अमावस्या पर महिलाओं ने बरगद की परिक्रमा लगाकर विधि-विधान से पूजापाठ कर पति व पुत्र की दीर्घायु को कामना की। ज्येष्ठ मास अमावस्या में बरगद की पूजा की परम्परा कई वर्षों से चली आ रही है। इस वर्ष बरगदी अमावस्या पर बरगद के पेड की पूजा कर महिलाओं ने 108 परिक्रमा लगाई।

## एमएनएनआईटी के एक छात्र का शव मिला, दूसरे की तलाश जारी

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनएनआईटी) के दो छात्र दीपेंद्र सिंह और विकास मौर्या गंगा नहाते समय डूब गए थे। करीब 36 घंटे की मशक्कत के बाद विकास मौर्य का शव 500 मीटर दूर मिला। अभी टीम दूसरे छात्र दीपेंद्र को खोज रही है। बता दें कि, गुरुवार सुबह दोनों अपने दोस्तों के साथ शिवकुटी इलाके में स्थित कोटेश्वर महादेव मंदिर के पास गंगा नहाने गये थे। एसडीआरएफ और गोताखोरों ने दिन भर सर्च अभियान चलाया। दोनों को दारागंज, अरैल और संगम क्षेत्र तक तलाश किया पर कुछ पता नहीं चल सका। शुक्रवार की सुबह फिर से तलाशी का अभियान शुरू किया गया। दीपेंद्र और विकास मौर्या के परिजन भी देर शाम तक प्रयागराज पहुंच गए हैं। शिवकुटी थाना प्रभारी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर विकास का शव मिला है। जिसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। विकास मौर्या मऊ निवासी भिखारी पुर का निवासी है। वह संस्थान के टंडन छात्रावास में रहता था और डिपार्टमेंट ऑफ कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में द्वितीय वर्ष का छात्र था।

# अग्नि पीड़ितों को राहत सामग्री बांटने की लगी होड

⇨ जिपं अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख समेत गुलशन-ए-रजा-ए-मुस्तफा कमेटी ने बांटी राहत सामग्री




**चित्रकूट, संवाददाता।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर पहाडी थाना क्षेत्र के बक्टा बुजुर्ग गांव के यादव मुस्लिम पुरवा में अग्नि पीडितों को राहत सामग्री बांटने की होड लग गई है। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष/सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने गुलशन-ए-रजा-ए-मुस्तफा कमेटी के सदर अध्यक्ष हाजी रज्जन अली के साथ पीडितों को राहत सामग्री बांटी तो जिला पंचायत अध्यक्ष/भाजपा नेता अशोक जाटव व ब्लाक प्रमुख/भाजपा नेता सुशील द्विवेदी ने भी भाजपा नेता पंकज अग्रवाल के साथ राहत सामग्री का पुलिंदा पीडितों के लिए खोल दिया।

जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी व भाजपा नेता पंकज अग्रवाल ने अग्नि पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री बांटी। बुधवार की दोपहर इन परिवारों के घरों में अग्निकांड से घर गृहस्थी जलकर खाक हो गई थी। लोगों ने बताया कि बिजली के शार्ट सर्किट से चिंगारी उठते ही कब आग ने विकराल रूप धारण कर लिया इसका किसी को कुछ पता नही लगा।

उजड़े परिवारों की सूचना जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव को मिली तो सहयोगियों के साथ व्यक्तिगत धनराशि देने पहुंच गए। मदद सामग्री मे छाया के लिए तिरपाल, भोजन को फल, सब्जियां, आटा आदि सामग्री बांटी। इन परिवारों के पास तन ढकने को कपडे भी नहीं बचे। ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी ने गांव के कोटेदार से राशन सामग्री बांटने की जानकारी ली। निर्देश दिए कि पीड़ित परिवारों को समय से राशन सामग्री दी जाये। जले घर फिर से बन सके, इसके लिए पंचायत मित्र से प्रधानमंत्री आवास की सूची की जानकारी ली। निर्देश दिए कि पीड़ित परिवारों का नाम प्राथमिकता से दर्ज कर उच्च स्तरीय प्रशासन को बतायें, ताकि घर फिर से बन सके। ग्राम सचिव आदि जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी को निर्देश दिए कि मदद के कार्य मे सक्रियता दिखायें।

## गैंगेस्टर मामले में दोषी करार दिए गए अफ्जाल अंसारी की सजा के खिलाफ दाखिल अपील पर सुनवाई टली

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गैंगस्टर मामले में दोषी करार दिए गए पूर्व सांसद अफ्जाल अंसारी की अपील पर शुक्रवार को सुनवाई टाल दी है। कोर्ट अब इस मामले में 24 मई को सुनवाई करेगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा ने सांसद अफ्जाल अंसारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। गाजीपुर कोर्ट ने अफ्जाल अंसारी को हाल ही में गैंगस्टर मामले में चार साल की सजा सुनवाई है। अफ्जाल ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल कर ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती दी है। शुक्रवार को उसी अपील पर सुनवाई होनी थी लेकिन सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता ने सुनवाई टालने का आग्रह किया। इस पर कोर्ट ने सुनवाई की तिथि 24 मई निर्धारित कर दी। ट्रायल कोर्ट द्वारा चार साल की सजा सुनाए जाने के बाद अफ्जाल की सांसद सदस्यता भी चली गई है। उन्होंने अपनी अपील में सजा पर रोक लगाने और मामले की नए सिरे से सुनवाई करने की मांग की है।

## मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**अमेठी, (संवाददाता)।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी महेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के तगत रोजगार सृजन के उद्देश्य से प्रदेश के ग्रामीण एवं नगरी क्षेत्रों में माटीकला, शिल्पकला के उद्यमियों, समितियों, परंपरागत माटी कला के कामगारों, माटी कला के कार्य में रुचि रखने वाले उद्यमियों को उद्यम स्थापना हेतु अधिकतम ?10 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके अंतर्गत उद्यमी को बैंक द्वारा लोन मद में प्राप्त संपूर्ण धनराशि पर 25त्न का अनुदान प्राप्त होगा। न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष निर्धारित है। उक्त योजना से लाभान्वित होने के लिए लाभार्थी को आधार, राशन कार्ड,अथवा परिवार रजिस्टर की नकल, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो के साथ आवेदन करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि इच्छुक व्यक्ति आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय सैठा रोड गौरीगंज अमेठी से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 17 जून है। साथ ही उक्त से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु 7408410787 जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, 9580902949 औद्योगिक सहायक निरीक्षक खादी ग्रामोद्योग बोर्ड से संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उक्त तिथि के उपरांत आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# समस्त पात्र कृषकों को पीएम किसान सम्मान निधि से किया जाए संतृप्त : जिलाधिकारी



**अमेठी, (संवाददाता)।** जिलाधिकारी श्री राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम किसान लाभार्थी संतृप्तीकरण अभियान को लेकर बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कतिपय कारणों से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित रह गए कृषक उक्त योजना में पात्र हैं परंतु अभी तक लाभ प्राप्त करने से वंचित हैं उन्हें पीएम किसान सम्मान निधि योजना से संतृप्त करने हेतु 22 मई से एक व्यापक अभियान चलाकर संतृप्तीकरण किया जाए। जिलाधिकारी अभियान के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में सभी संबंधित विभागीय कर्मचारी की उपस्थिति में ग्राम पंचायत की बैठक कर शिविर आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि शिविर में ऐसे पात्र कृषक जो विभिन्न कारणों से लाभ नहीं पा रहे हैं उनका डाटा व अभिलेख पूर्ण कराते हुए समस्त ग्राम पंचायतों को इस योजना से संतृप्त किया जाए। इसमें राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग सहित कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी सम्मिलित रहेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे लाभार्थियों का आवेदन शिविर पर उपलब्ध कॉमन सर्विस सेंटर अथवा मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाय। पूर्व पंजीकृत प्रकरण जिनकी भूलेख सत्यापन लंबित हैं उनका सत्यापन किया जाए, कृषकों के खाता आधार लिंक, सत्यापित कृषकों का ईकेवाईसी किया जाएगा। अभियान में ऐसे कृषक जिनका खाता आधार से लिंक नहीं है उनका पोस्टल विभाग द्वारा आवश्यकतानुसार ? 100 से पोस्ट ऑफिस में खाता खोलते हुए उनका आधार मौके पर लिंक किया जाएगा। जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि काम सर्विस सेंटर की एक मोबाइल यूनिट ग्राम पंचायत में रहेगी जो अपलोड व पंजीकरण की कार्यवाही मौके पर करेगी। अभियान के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु पंचायत भवनों पर पोस्टर लगाए जाने के साथ ही पंपलेट वितरण व अभियान से संबंधित जानकारी समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, समस्त उपजिलाधिकारी, डीसी एनआरएलएम, समस्त खंड विकास अधिकारी, सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## एनसीआर महिला कल्याण संगठन ने समर हॉबी कोर्स का किया शुभारम्भ



**प्रयागराज, (संवाददाता)।** उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय ने आज से रेलवे अधिकारियों–कर्मचारियों के बच्चों तथा नॉन रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के लिए समर हॉबी कोर्स का शुभारम्भ किया। महिला कल्याण संगठन अध्यक्षा रूबी रानी सिंह ने उद्घाटन किया। इस कोर्स की क्लासेस कलरव, रेलगॉव कालोनी, सूबेदारगंज में आयोजित की गयी है। 09 जून तक चलने वाले समर हॉबी कोर्स में स्केटिंग, ताइक्वान्डो, आर्ट एवं क्राफ्ट एवं डांस कोर्सों को प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा सिखाया जायेगा। इस अवसर पर सचिव नूपुर अग्रवाल, मीना माथुर, माधुरी सिंह, शांता बेउरा, ममता वर्मा, अलका अग्रवाल, रिचा वर्मा, रेणु पोनिया, नीलिमा सिंह, नीलम कुमार, विजेता श्रीवास्तव के साथ–साथ संगठन की अन्य सदस्याएं भी उपस्थित रहीं।

## आयोग ने शोध अधिकारी का परिणाम घोषित किया

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने शोध अधिकारी (अभियंत्रण) के तीन पदों के लिए परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग के संयुक्त सचिव विनोद कुमार सिंह ने बताया कि राज्य नियोजन संस्थान, उप्र के शोध अधिकारी के तीन पदों के लिए साक्षात्कार बीते कल यानी 18 मई को सम्पन्न हुआ था। जिसके आधार पर अंजली द्विवेदी, पवन दीक्षित एवं सुनील कुमार गंगवार को उपयुक्त पाया गया और श्रेष्ठता क्रमानुसार संस्तुत किया है।

# वरिष्ठ पत्रकार के हत्या की सुपारी, कर रहे रेकी

अतीक की मौत के बाद भी सक्रिय हैं फर्जी रजिस्ट्री-वसीयत बनाने वाले




**प्रयागराज, (संवाददाता)।** माफिया अतीक अहमद के कई साथी ऐसे हैं जो अभी भी सक्रिय हैं। जिन्होंने अतीक के दम पर कूटरचित रजिस्ट्री व वसीयत बनाने का बड़ा सिण्डीकेट तैयार कर रखा है। इससे शहर में कई लोग परेशान हैं और उन्हें उचित न्याय नहीं मिल पा रहा है। यहां तक की भुक्तभोगी की आवाज भी दबाने की कोशिश जारी है। इसमें कई अधिकारियों की मिलीभगत भी है, जो उच्च स्तरीय जांच का विषय है। एक वरिष्ठ पत्रकार की रेकी करने वाले अपराधी और उसके साथी अतीक अहमद के खास शूटर रहे हार्डकोर क्रिमिनल के खास गुर्गे हैं। इनके खिलाफ धूमनगंज थाने में मुकदमा भी दर्ज है। भुक्तभोगी का कहना है बेली निवासी बेहद शातिर ठग कई अन्य मामलों में अभियुक्त अनिल यादव ऊर्फ खूँटी पहलवान, अखिलेश मिश्रा, अफ्जल, तत्कालीन आरई जगदेव चौरसिया (क़ानूनगो शहर पश्चिमी), तत्कालीन लेखपाल विनोद कुमार आदि नें मिलकर करोड़ों की जमीन कब्जा करने के इरादे से एक वरिष्ठ पत्रकार की हत्या करने के लिए 50 लाख की सुपारी दी है। जोकि पुलिस प्रशासन, इंटेलिजेंस, एसटीएफ सीबीसीआईडी आदि तमाम खुफ़िया एजेंसियों के लिए बड़ी चुनौती है।

वरिष्ठ पत्रकार ने बताया है कि 2008 में भी 15 लाख की सुपारी दी गई थी। जिसकी एफ़आईआर थाना कैंट में दर्ज करायी गयी थी। इसके बाद बीते 14 मई को पुलिस आयुक्त को पत्र देकर अवगत कराया है। लेकिन अपराधी आज भी खुलेआम घूमते व धमकाते हैं। पुलिस अधिकारियों के सख्त आदेश निर्देश के बावजूद इन माफ़िआओं को पकड़ने के बजाय सम्बंधित पुलिस पूरा संरक्षण दे रही है। क्योंकि हर गतिविधि की जानकारी इन माफ़िआओं के पास रहती है। मामला राजापुर क्षेत्र का है। जिसमें क्राइम संख्या 359/2021 थाना कर्नलगंज में वांछित अभियुक्त पन्नालाल के नाम 12 फ़रवरी, 1987 को रजिस्ट्री की गई है, ऐसा दर्शाया है। यह उक्त भूमि के सीलिंग में रहने के दौरान सीलिंग की जानकारी ठगों को न होनें के कारण उस वर्ष की कूटरचित रजिस्ट्री वर्ष 2019 में तैयार की गई और 16 अक्टूबर, 2020 को लगभग 34 वर्ष बाद तत्कालीन लेखपाल विनोद कुमार, आरई जगदेव चौरसिया के माध्यम से सेटिंग कर नायब तहसीलदार उत्तरी अजय कुमार द्वारा बिना सभी वारिसानों के सहमति हलफ़नामा के 12 में 4 की सहमति जिसमें 2 फ्रॉड निकले, दाखिल ख़ारिज करा दिया गया। इसकी मूल रजिस्ट्री की फॉरेन्सिक लैब में पूरी पारदर्शिता के साथ जांच होनी चाहिए। भुक्तभोगी ने बताया कि जिस दिन खूँटी पहलवान पुलिस या एसटीएफ के हत्थे चढ़ेगा उस दिन अतीक के कारनामों सहित जमीन के मामले में कई खुलासे होंगे।

## वकील क्लाइंट के सम्बंध भरोसे व विश्वास पर निर्भर : हाईकोर्ट

अवैध सम्बंध बनाने व मारपीट के आरोपी वकील को जमानत देने से इंकार



**प्रयागराज, (संवाददाता)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि वकील व मुवक्किल का रिश्ता भरोसे व विश्वास का है। किंतु प्रश्नगत मामले में ऐसा नहीं है। कोर्ट ने मुवक्किल से अवैध शारीरिक सम्बंध के बीच पोर्न फिल्म तैयार करने, धमकाने, मारपीट करने के आरोपी आगरा के प्रकाश नारायण शर्मा उर्फ बबली की जमानत अर्जी नामंजूर कर दी है। कोर्ट ने कहा लंबे समय तक सम्बंध, फोटोग्राफी, वित्तीय लेनदेन का विवाद आदि तथ्य जमानत दिला सकते हैं। किंतु अभी तक ट्रायल कोर्ट ने पीड़िता का बयान दर्ज नहीं किया है। ऐसे में जमानत से छूटने पर पीड़िता को प्रभावित करने की सम्भावना को देखते हुए जमानत मंजूर नहीं की जा सकती। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को, यदि कोई वैधानिक अड़चन न हो तो पीड़िता का बयान तीन माह में दर्ज करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने दिया है। पीड़िता याची के पास केस लेकर गई। धीरे धीरे नजदीकी बन गई। गहरे शारीरिक सम्बंध बन गये। यहां तक कि ऐसे फोटोग्राफ है जिसमें याची, उसकी पत्नी और पीड़िता कई जगहों पर गये।

# डीएम ने बैठक से अनुपस्थित एलडीएम का वेतन रोकने के दिए निर्देश

उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित करने के निर्देश



**प्रयागराज, (संवाददाता)।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने संगम सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक में सभी सम्बंधित विभागों को निर्देशित किया कि उद्योग बन्धुओं से सम्बंधित प्रकरणों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। बैठक में बैंक एलडीएम के अनुपस्थिति पर उनका वेतन रोकने के निर्देश दिया तथा स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के उपरांत ही वेतन अवमुक्त किए जाने के लिए कहा है।

जिलाधिकारी ने दरबारी के हाउस टैक्स प्रकरण के बारे में लीगल एडवाइज लिए जाने को कहा है। उद्यमियों द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में पानी की टंकी बंद होने की शिकायत पर डीएम ने कल तक टंकी को चालू कराये जाने का निर्देश जलकल विभाग को दिया है। बैठक में सहायक निदेशक कारखाना द्वारा कारखाना एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने एक वर्कशाप का आयोजन कराये जाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि उद्योग बंधुओं से जुड़े प्रकरणों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाये। उन्होंने निवेश पोर्टल पर दर्ज आवेदन पत्रों को समय से निस्तारित करने का निर्देश सभी सम्बंधित विभागों को दिया है। साथ ही यह भी हिदायत दी कि निर्धारित समय सीमा के अंदर आवेदन पत्रों का निस्तारण न करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में जीएमडीआईसी लालजी सिंह, उद्योगबंधु से मुरारी लाल अग्रवाल, नटवर लाल भारतीय, दरबारी लाल सहित सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण तथा उद्योग बंधु के सदस्य उपस्थित रहे।